

आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



▸ संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 24 ▸ अंक : 245 ▸ रायपुर, बुधवार, 02 अक्टूबर 2024 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ₹ 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 उप मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय...

अनन्या के काम से ... 6


## सार समाचार

### अभिनेता गोविंदा को गोली लगी, अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर एक्टर गोविंदा के घुटने में गोली लगने की वजह से आईसीयू में भर्ती कराया गया है। ये घटना सुबह 5 के करीब हुई है। घटना के वक्त गोविंदा अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर की सफाई कर रहे थे, तभी अचानक बंदूक से गोली चल गई और उनके घुटने में जा लगी। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मुंबई पुलिस ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गोविंदा को मुंबई के क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गोविंदा की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। हालांकि, अस्पताल की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। गोविंदा के परिवार ने जानकारी दी है कि वे जल्द ही इस घटना को लेकर औपचारिक बयान जारी करेंगे।

**घटना के वक्त घर पर थे अकेले**

घटना के समय गोविंदा अपने घर पर अकेले थे। वे कोलकाता जाने की तैयारी कर रहे थे और अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर को केस में रख रहे थे, तभी वह अचानक उनके हाथ से फिसल गया और गोली उनके घुटने में जा लगी। गोविंदा के प्रबंधक शशि सिन्हा ने बयान जारी करते हुए कहा कि डॉक्टर ने अब गोली निकाल दी है और गोविंदा की स्थिति स्थिर है। वे अभी भी अस्पताल में हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं।



### गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अक्टूबर माह की पहली तारीख को गैस के दाम बढ़ गए हैं। एलपीजी सिलेंडर के नए रेट आज 1 अक्टूबर 2024 से देश भर में प्रभावी हो गए हैं। गैस कीमतों में ये बढ़ोतरी 19द्द वाले गैस सिलेंडर के लिए 48.50 रुपए प्रति सिलेंडर पर हुई है। आम रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया है।

कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आपके लिए बाहर का खाना या रेस्टोरेंट, होटल, ढाबे के भोजन के रेट बढ़ सकते हैं क्योंकि इन जगहों पर खास तौर पर कमर्शियल एलपीजी गैस का इस्तेमाल होता है। इस बार अक्टूबर को मिलाकर तीन महीने का समय हो गया जब सरकारी तेल व गैस विपणन

## भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर मुख्यमंत्री साय ने की बड़ी घोषणा

# 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में मनाया जाएगा 'जनजातीय गौरव दिवस'





**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती है। छत्तीसगढ़ में भी इसे भव्य रूप से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की। विधायक भईयालाल राजवाड़े विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परम्परा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गेंदसिंह, गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो आज भी अनुकरणीय है। जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है। पूर्वी छत्तीसगढ़ में साल के पेड़ में जब फूल आते है तो सरहुल पर्व मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है। प्रकृति को सहेजकर, प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना। बड़े–छोटे, स्त्री–पुरुष में किसी तरह का भेदभाव नहीं। सब बराबर हैं और प्रकृति का उपहार सबके लिए है। ये बातें हमें इस समाज से सीखने की आवश्यकता है। वास्तव में जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। जनजातीय समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अस्तित्व नहीं है। भगवान बिरसा मुण्डा का शौर्य हमें हमेशा जीवन में साहस की राह दिखाता है। उन्होंने शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री कल हजारीबाग से प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय लोग कभी दिखावा नहीं करते, उनकी सरलता–सहजता मन मोह लेती है। जनजातीय समाज की खानपान की शैली बीपी–शुगर जैसी लाइफ स्टाईल से जुड़ी बीमारियों से दूर रखती है। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर आयोजित यह कार्यशाला जनजातीय समाज के गौरव को पूरे समाज के सामने लाने में मील का पत्थर साबित होगी।

## आरती सरीन बनीं आर्म्ड फोर्स मेडिकल सर्विस की पहली महिला निदेशक



**एजेंसी, नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल आरती सरीन को मंगलवार को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (DGAFMS) का अगला निदेशक जनरल (DG) नियुक्त किया गया है। वह सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की प्रमुख के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं यह न केवल उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका को भी बढ़ावा देती है। बता दें कि DGAFMS रक्षा मंत्रालय को सशस्त्र बलों से संबंधित मेडिकल पॉलिसी के मामलों में सीधे उत्तरदायी है।

### जानें कौन हैं आरती सरीन

आरती सरीन का शिक्षा और करियर भी प्रेरणादायक है। 1985 में कमीशन होने के बाद, उन्होंने पुणे के सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज से स्नातक किया और रेडियो डायग्नोसिस तथा रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में दो पोस्टग्रैजुएट डिग्रियां प्राप्त कीं। उनके पास गामा नाइफ सर्जरी में प्रशिक्षण भी है।

अपने करियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के लिए चिकित्सा सेवाओं के निदेशक जनरल के रूप में कार्य किया है। वाइस एडमिरल सरीन ने दो प्रमुख इकाइयों – INHS अश्विनी और U AFMC का नेतृत्व किया है और दक्षिणी नौसेना कमान (SNC) और पश्चिमी नौसेना कमान (WNC) के कमांड मेडिकल ऑफिसर भी रही हैं।

हाल ही में, उन्हें डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए नेशनल टास्क फोर्स का सदस्य बनाया गया है। उन्हें जुलाई 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए अतिविशिष्ट सेवा मेडल (AVSM) से सम्मानित किया गया।

## भारत की बांग्लादेश पर ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर लगातार 18वीं घरेलू टेस्ट सीरीज पर कब्जा जमाया। पाँचवें दिन, भारत ने 95 रनों का लक्ष्य 17.4 ओवर में 3 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने एक बार फिर अर्धशतक जमाया, जबकि पहली पारी में भी उन्होंने 72 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। विराट कोहली 29 रन बनाकर नाबाद रहे और ऋषभ पंत ने चौका मारते हुए भारत को जीत दिलाई।

यह जीत विशेष रूप से इसलिए अहम थी क्योंकि मैच के दूसरे और तीसरे दिन बारिश के कारण कोई खेल नहीं हो सका था। बावजूद इसके, टीम इंडिया ने ढाई दिन के भीतर ही बांग्लादेश को हरा दिया। यशस्वी जायसवाल को दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं, आर अश्विन ने सीरीज में 11 विकेट और 114 रन बनाकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता।



### बारिश के बावजूद भारत ने बनाई मजबूत स्थिति

दो दिनों तक बारिश के कारण खेल नहीं होने के बाद भी भारत ने मैच को ड्रॉ की ओर बढ़ने नहीं दिया। चौथे और पाँचवें दिन भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को पूरी तरह बैकफुट पर ला दिया। अंतिम दिन बांग्लादेश ने अपने 8 विकेट मात्र 120 रन के भीतर खो दिए। रवींद्र जडेजा ने 34 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन ने भी 3–3 विकेट हासिल किए। बांग्लादेश की तरफ से शादमान इस्लाम ने अर्धशतक बनाया, जो भारत के खिलाफ उनका पहला था।

## जम्मू मे अंतिम चरण की वोटिंग 65 प्रतिशत मतदान पड़े



**एजेंसी, जम्मू–कश्मीर।** जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण की वोटिंग मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई। 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर 5 बजे तक 65.48प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे कम बारामूला में 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक चलने वाली वोटिंग में 39.18 लाख वोटर्स शामिल हो रहे हैं।

तीसरे फेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी फेज में 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं।

इस बीच, PDP के प्रवक्ता मोहित भान आरोप लगाया है कि कुपवाड़ा के हटमुल्ला पोलिंग स्टेशन पर धीमें वोटिंग कराई जा रही है। उन्होंने ङ्ग पर कहा– धरती पर कोई नहीं, जो वोटर्स को वोटिंग टाइम खत्म करने तक मदद कर सके। अवामी इत्तेहाद पार्टी के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद ने कहा कि 2014 के बाद से राज्य में लोगों की आवाज दबाई गई। अगर मैं सत्ता चाहता तो मोदी से हाथ मिलाता।


तीसरे फेज में 169 कैंडिडेट्स करोड़पति थर्ड फेज में 169 कैंडिडेट्स करोड़पति और 67 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू के नगरोटा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राणा की सबसे ज्यादा 126 करोड़ की संपत्ति है।

इस फेज में संसद हमले का मास्टरमाइंड अफ्जल गुरु के बड़े भाई एजाज अहमद गुरु भी चुनावी मैदान में हैं। एजाज गुरु सोपोर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

नॉर्थ कश्मीर की लंगेट सीट से इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पूर्व उप मुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग बारामूला से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। 18 सितंबर को पहले फेज की 24 विधानसभा सीटों वोटिंग हुई। इस दौरान 61.38त्न वोटिंग हुई। वहीं 25 सितंबर को 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों 57.31त्न मतदान हुआ।

### रायपुर में क्रिकेट के दिग्गजों का महासंग्राम

## तेंदुलकर करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जल्द ही इंटरनेशनल मास्टर लीग (IML) T20 के मैचों का गवाह बनेगी। इस रोमांचक टूर्नामेंट के लिए रायपुर के स्टेडियम को चुना गया है, जहां दुनिया भर के क्रिकेट दिग्गज अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। लीग के अन्य मुकाबले मुंबई और लखनऊ में भी खेले जाएंगे।

IML T20 में भारत समेत कुल 6 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें सचिन तेंदुलकर भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। लीग में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की टीमें भी शामिल हैं।

इस लीग का आयोजन सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के नेतृत्व में हो रहा है। गावस्कर को लीग का कमिश्नर नियुक्त किया गया है, और उनके साथ सचिन तेंदुलकर मैदान पर उतरकर भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। यह टूर्नामेंट हर साल आयोजित होगा, जिसका प्रबंधन PMG स्पोर्ट्स करेगी।९

### टी-20 ने क्रिकेट को नई पहचान दी : तेंदुलकर

सचिन तेंदुलकर ने लीग के बारे में कहा, टी–20 फॉर्मेट ने क्रिकेट को नए फैन्स दिए हैं। इस लीग के जरिए हम पुराने और नए प्रशंसकों के लिए एक खास अनुभव लाना चाहते हैं। एक खिलाड़ी कभी मन से रिटायर नहीं होता, और द्बरूरु से खिलाड़ियों को फिर से मैदान में उतरने का मौका मिलेगा।


### गावस्कर की पुरानी यादें ताजा

सुनील गावस्कर ने लीग के बारे में उत्साहित होकर कहा, द्बरूरु न सिर्फ एक टूर्नामेंट है, बल्कि पुरानी यादों को ताजा करने का जरिया भी है। प्रशंसक एक बार फिर दिग्गज खिलाड़ियों को खेलते हुए देख पाएंगे। टी–20 के विकास ने क्रिकेट को नया जादू दिया है, और IML उसी का उदाहरण है।

### तीसरी आंख







**न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र........अ/6–अ/वर्ष 2024–25

ग्राम–कुम्हारी प.ह.नं.39 रा.नि.मं.भिलाई

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक युगेन्द्र सिंह पिता श्री गुलाब सिंह ध्रुव निवासी ग्राम कुम्हारी तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है ग्राम–कुम्हारी प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. – भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग.ऋण पुस्तिका क्रमांक 1810333 से खसरा क्रमांक 1110 रकबा क्रमशः 0.14 हे. भूमि जो अकाश सिंह पिता गुलाब सिंह के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। एवं आधार में मेरा नाम युगेन्द्र सिंह ध्रुव पिता गुलाब सिंह ध्रुव है दोनों `नाम मेरे ही है। राजस्व अभिलेख में नाम आकाश सिंह उर्फ युगेन्द्र सिंह पिता गुलाब सिंह दर्ज करने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 11/10/2024 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202409112500066 अ/6 वर्ष 2023–24 आरंग, दिनांक 26.09.2024

ग्राम– आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयशंकर लाल यादव पिता अंगू लाल यादव निवासी–आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित सासरा न 213/1, 271/1, 3259/1 का रकबा 0.198, 0.061, 0.178 हे. भूमि खातेदार सरस्वती पति जयशंकर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार सरस्वती पति जयशंकर का निधन दिनांक 19.01.2023 को हो चुका है। आवेदक द्वारा मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भूईया मद में दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 18.10.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202409112500076 अ/6 वर्ष 2023–24 आरंग, दिनांक 30.09.2024

ग्राम– छतौना प.ह.नं. 22

एत्तद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधा बाई पिता पुनऊ निवासी–ग्राम बिरकोनी, तहसील महासमुंद, जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा ग्राम छतौना प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 540 का रकबा 0.30हे. भूमि खातेदार तिजिया बाई बेवा स्व. पुनऊ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। आवेदक के माता खातेदार तिजिया बाई बेवा स्व. पुनऊ का निधन दिनांक 21.04.2020 को हो चुका है। आवेदक द्वारा मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसांनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भूईया मद में दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 23.10.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202409112500061 /अ–74 वर्ष 2023–24

ग्राम– फरफौद प.ह.नं. 22

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राधाबाई चन्द्राकर पिता पुनऊ चन्द्राकर निवासी ग्राम– बिरकोनी तहसील महासमुंद जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम फरफौद प.ह.न. 22 रा.नि.म. आरंग स्थित कृषि भूमि खसरा नं 1333, 1353 रकबा क्रमशः 0.35, 0.39 हे. भूमि राधाबाई चन्द्राकर पिता पुनऊ, कचरा चन्द्राकर पिता पुनऊ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का मूल किसान किताब असावधानीवश कही गुम हो जाने से आवेदक को कृषि विकास संबंधित समस्त कार्य में परेशानी होने के कारण डुप्लीकेट किसान किताब प्रदान किये जाने की निवेदन किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 10.10.2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202409112500060 /अ–74 वर्ष 2023–24

ग्राम– छतौना प.ह.नं. 22

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राधाबाई चन्द्राकर पिता पुनऊ चन्द्राकर निवासी ग्राम बिरकोनी तहसील महासमुंद जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम – छतौना प.ह.न. 22 रा.नि. में आरंग स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 540 रकबा 0.30 हे. भूमि तिजिया पिता पुनऊ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। तिजिया बेवा पुनऊ का फौत दिनांक 21.04.2020 को हो चुका है। उक्त भूमि का मूल किसान किताब असावधानीवश कहीं गुम हो जाने से आवेदक को कृषि विकास संबंधित समस्त कार्य में परेशानी होने के कारण डूप्लीकेट किसान किताब प्रदान किये जाने की निवेदन किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 10.10.2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाक 26.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)**

ई–मेल–eocghbzone1@gmail.com

**आम–सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित सीनियर एम.आई.जी. योजना के अतंर्गत, भवनों में से भवन क्रमाक सीनियर एम.आई.जी.–32 में श्री श्याम कुमार निनोरिया पिता स्व. श्री अच्छेलाल निनोरिया को भाडाक्रय / स्ववित्तीय आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 12.10.2010 को हो जाने के कारण उनके वारिस श्रीमती जनशक्ति निनोरिया पति स्व. श्री श्याम कुमार निनोरिया द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र/सहमति पत्र (1. श्रीमती अपेक्षा निनोरिया, 2. श्री अनुराग निनोरिया दोनों के पिता स्व. श्री श्याम कुमार निनोरिया) एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती जनशक्ति निनोरिया पिता स्व. श्री श्याम कुमार निनोरिया के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त दुकान के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम–सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 02)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. /14897/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2024

रायपुर दिनांक 01/10/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14897**

**वार्ड का नाम-13 राजीव गाँधी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 13 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR222H00091 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LAXMAN DAS RUPERA AND RAHUL RUPERA पिता/पति श्री/श्रीमती JAGDISH KUMAR RUPERA के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती श्रीमती मेसर्स श्री किशन फूड एण्ड कोल्ड स्टोरेज द्वारा भागीदार सी रमेश अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती पिता किशन अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 02)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. /14898/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2024

रायपुर दिनांक 01/10/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14898**

**वार्ड का नाम-13 राजीव गाँधी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 13 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR222F0025A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KAMAL SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती DEENANATH SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती श्री रसिक लाल पाचानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता लाधा भाई पाचानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**


# हमारी संस्कृति में वृद्धों को अत्यंत उच्च एवं आदर्श स्थान प्राप्त है : विधायक सिन्हा

## युवा पीढ़ी इनके अनुभव और आशीर्वाद से अपने जीवन को और अच्छा बनाएं : कलेक्टर लंगेह



**महासमुंद ,प्रतिदिन राजधानी**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज जिला मुख्यालय महासमुंद के डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन खैरा बागबाहरा रोड महासमुंद में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्य अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सरायपाली विधायक चातुरीनंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष राशि महिलांग, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक सिन्हा सहित अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 20 वरिष्ठजनों एवं सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 600 वृद्धजनों को कम्बल एवं दैनिक उपयोग हेतु किट, 11 वृद्धजनों को श्रवण यंत्र, 25 छड़ी प्रदान की गई। इसी प्रकार खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 20 वृद्धजनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजनों का सम्मान करना पुण्य का काम है। बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। जिस घर में बुजुर्ग माता पिता है उनका चेहरा देखकर निकलने से ही वास्तु दोष समाप्त हो जाता है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। जिन घरों में बुजुर्गों की कद्र नहीं होती वहां संस्कारों का अभाव रहता है। वहीं जहां बुजुर्गों को सम्मान दिया जाता है वह घर उन्नति के रास्ते पर चलता है। हम सभी को बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। इसकी शुरुआत हर व्यक्ति को अपने आस–पास के मौजूद लोगों से करनी चाहिए। लोगों को यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्तियों को बुढ़ापा का सामना करना होता है।

# टीम ने जिले में संचालित स्वास्थ्य केंद्रो का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले में संचालित स्वास्थ्य केंद्रो का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसी कड़ी में नायाब तहसीलदार आस्था चंद्राकर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासाबेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी डॉक्टर उपस्थित पाए गए। ओपीडी एवं टीवी लैब की की जांच की गई। नायब तहसीलदार गणेश सिदार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकरगांव पत्थलगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉफ उपस्थिति पाए गएं मेडिकल स्टोर में दवाइयां व्यवस्थित रूप से पाई गई।

# कलयुग में रक्तदान ही सबसे बड़ा दान : विधायक पुरंदर मिश्रा



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रक्तदान एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल रायपुर और रोटरी क्लब वेस्ट रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि श्री पुरंदर मिश्रा ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए यह कहा कि रक्तदान कलयुग का महादान है , क्योंकि कलयुग में पुण्य नहीं बचा है और और पुण्य काम करने वाले व्यक्ति का जीवन सफ्ल हो जाता है ऐसे में रक्तदान करना न केवल अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन है बल्कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने और आध्यात्मिक रूप से मन को प्रसन्न रखने का भी माध्यम है। इस अवसर पर प्रो. कुलपति सच्चिदानंद शुक्ल ने विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार को बधाई देते हुए यह कहा कि 21वीं शदी में हमारे समक्ष स्वास्थ्य गत अनेक चुनौतियां हैं और उन चुनौतियों से निपटने में युवाओं का स्वस्थ होना आवश्यक है रक्तदान और समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण ऐसी विधि है जिससे हम अपने आपको न केवल स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान भी दे सकते हैं।


**PUBLIC NOTICE**

*1, Mrs. Nirmala Kedia W/o Shri Shankar Kedia, Age 51 years, resident of Sapphire greens, Raipur-492001, Aadhar No. 6412 9651 9520 (Proprietor of M/s Energen Ventures earlier known as M/s. Kedia Traders; GST No. 22AEUPK9280N2ZN, do hereby solemnly Affirm and declare under:-*

*-1. Current Business Name: The current name of the business is KEDIA TRADER.*

*2. New Business Name: I had changed the business name to ENERGEN VENTURES with effect from 13th September 2024.*

*3. Reason for Change: The reason for the change of name is to better reflect the business's focus.*

*4. No Malicious Intent: There is no malicious intent or fraudulent purpose behind this name change.*

*5. No Legal Restrictions: There are no legal restrictions or court orders prohibiting this name change.*

*DEPONENT*
*Mrs. Nirmala Kedia*
*Proprietor (Energen Ventures*
*Earlier Known as kedia traders)*


# कलेक्टर जनदर्शन में 20 आवेदन प्राप्त, समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश

**मोहला,प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले ने आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। अपर कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 20 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के



विकासखंड अं.चौकी अंतर्गत ग्राम तारमटोला निवासी कुलदीप कुंजाम ने मुर्गी पालन हेतु शासन से प्राप्त योजनाओं का लाभ प्रदाय करने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। मोहला के वार्ड क्र.17 के समस्त वार्डवासीयों ने गंदे पानी की निकासी हेतु पक्की नाली निर्माण के संबंध में आवेदन दिया। मानपुर वि.ख. अंतर्गत ग्राम आमाटोला सहपाल निवासी ने अपनी बच्ची का ईजाल कराने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया है। इसी प्रकार मानपुर निवासी सुरज ढिमर ने प्रधानमंत्री आवास योजना प्रदाय के संबंध में आवेदन प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार शा.पो.मै.बालक छात्रावास अं.चौकी के समस्त छात्रवासी बच्चों ने अपने छात्रावास में आवश्यक सामग्री की कमी के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार जिले के अन्य आवेदको ने अपने आवेदन के माध्यम से अपने समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

# जल जीवन मिशन : हाटकर्रा बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम



**कांकेर प्रतिदिन राजधानी।** कांकेर जिले अंतर्गत विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत हाटकर्रा में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्राम को प्रमाणीकरण किया गया। ग्राम सभा में जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की अनुरोध किया गया। उन्हें जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए योजना को सुचारू रूप से सफ्लता पूर्वक संचालन करने को कहा ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उनके द्वारा जल जीवन मिशन की संपूर्ण जानकारी देते पाइपलाइन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा ग्राम हाटकर्रा में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर काफ़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 02)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. /14899/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2024

रायपुर दिनांक 01/10/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14899**

**वार्ड का नाम-27 इंदिरा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 27 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR220J00201 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NEELU PATHAK W/O LT. VIJAY KUMAR PATHAK , पिता/पति श्री/श्रीमती AMARATVA PATHAK , ANJALI PATHAK , S/O LT. VIJAY KUMAR PATHAK के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती 01.श्री शुभम पाठक, 02. श्री सौजन्य पाठक पिता/पति श्री/श्रीमती दोनों पिता श्याम पाठक ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 14833/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2024

रायपुर दिनांक 30/09/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14833**

**वार्ड का नाम-34-लाल बहादूर शास्त्री**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR332C00115 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY PRATAP SHANI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE BANSI LAL SHANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती साक्षी सड्डी पिता/पति श्री/श्रीमती पति विकास चड्डी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 14876/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2024

रायपुर दिनांक 01/10/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14876**

**वार्ड का नाम-29-गुरू गोविंद सिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 29 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR330E00045 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRITAM BUILDAN PVT. LTD. MRS. NAVNEET KAUR पिता/पति श्री/श्रीमती INDERPAL SINGH JUNEJA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री अनिल मंगवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता भगतराम मंगवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::**
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 14823/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024

रायपुर, दिनांक 01/10/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14823**

वार्ड का नाम– 61 श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 61 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR663P00041 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती REKHA BAJAJ पिता/पति श्री/श्रीमती SATYAPAL BAJAJ के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AJAY KUMAR CHOUKSEY पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता ASHOK PRASAD CHOUKSEY ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::**
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 14829/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024

रायपुर, दिनांक 01/10/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14829**

वार्ड का नाम– 61 श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 61 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR663Q01063 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PRATIK KEVLANI पिता/पति श्री/श्रीमती MURLIDHAR KEVLANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती GANESH DATT SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता LATE LALLU RAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::**
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 14875/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024

रायपुर, दिनांक 01/10/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14875**

वार्ड का नाम– 62 शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR654F00094 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती KAIVALYA VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती T.R. VERMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SITA TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता W/O VIRENDRA TIWARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /Malma Bikrinama & Shapath Patr / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
ई–मेल:– rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 14901/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2024

रायपुर दिनांक 01/10/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14901**

**वार्ड का नाम -9-डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR227O00222 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NETRAM SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SHYAMLAL SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती 1. शेख साजिद 2. शेख जाकिर पिता / पति श्री/श्रीमती मरहूम शेख कासिम ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ मलमा बिकरीनामा / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र.9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# शहरवासियों की विकास कार्यों की हर जरूरत विष्णु देव सरकार की प्राथमिकता: उद्योग मंत्री देवांगन

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 68.68 लाख रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर देवांगन ने कहा कि विकास के लिए राज्य से लेकर केंद्र सरकार गंभीरता के साथ बेहद तत्परता के साथ कार्य कर रही है। लंबे समय से रुकी चांपा से कटघोरा बाईपास तक की नेशनल हाईवे की सड़क को एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की मांग पर केंद्र सरकार ने जल्द बनाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। वार्डो की गली से लेकर नेशनल हाईवे तक जल्दी बनें, बेहतर गुणवत्ता के साथ बनें यही राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बालको नगर में आयोजित 45.15 लाख के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने विधिवत पूजन कर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री देवांगन ने कहा कि वार्ड की कोरबा पिछले कुछ वर्षों में विकास के मामले में पिछड़ गया था, बड़े कार्य तो दूर वार्डो की छोटी छोटी जरूरतें भी पूरी नही हो पा रही थी। लेकिन पिछले 8 महीने में वार्डों की हर छोटी से लेकर बड़ी




जरूरतों को ध्यान में रख कर कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, बालको मंडल अध्यक्ष शिव बालक तोमर, सतेंद्र दूबे, घनश्याम पटेल, शैलेश सिंह, अनिरूद्ध चंद्रा, पार्षद तरुण राठौर, लोकेश्वर चौहान, नर्मदा लहरे, महेश्वरी गोस्वामी, हेमलता, राखी, शकुंलता ठाकुर, बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, पार्षद भानुमति जायसवाल, पदमा साहू, सुरती कुलदीप, माधव जायसवाल सहित अधिक संख्या में वॉर्ड वासी उपस्थित रहे। बालको जोन वार्ड क्र. 35 सोलंकी बाड़ी के पीछे रिंगरोड में साधूराम साहू के घर होते हुए अमृता यादव के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण राशि 4.99 लाख,वार्ड क्र. 36 ग्राम भदरापारा में सीसी रोड निर्माण 100 मी. एवं नाली निर्माण कार्य 100 मी., लागत 4.59 लाख, वार्ड क्र. 37 दैहान पारा सेक्टर 04 पानी टंकी के पीछे घनश्याम पटेल लाल बहादुर चौहान के घर के बगल में सामुदायिक भवन निर्माण लागत 4.95 लाख, वार्ड क्र. 38 डिस्क आफिस स्थित गार्डन में बाउण्ड्रीवाल निर्माण- लागत 4.19 लाख, वॉर्ड क्र. 39 इंदिरा नगर मनकी बाई के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण एवं इंदिरा नगर शनिदेव मंदिर के पास शेड का निर्माण कार्य लागत 6.93 लाख, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर टाकिज के सामने शंकर साहू के घर से भूषण साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत, 4.97 लाख, वार्ड क्र. 41 नवधा पंडाल परसाभाठा बेलगिरी बस्ती बालको मंच अहाता निर्माण कार्य लागत 4.87 लाख, वार्ड क्र. 41 शिव मंदिर गली में मुक्तिधाम से लेकर पचरी नदी तक पुलिया निर्माण कार्य लागत 4.97 लाख, वार्ड क्र. 42 रूमगरा के ग्राम शिवनगर एवं ग्राम बेलगरी के दुर्गा पण्डाल का मरम्मत कार्य कुल 45 लाख के कार्यों का भूमिपूजन मंत्री देवांगन ने किया।

सर्वमंगला जोन वार्ड क्र. 54 पुराना सोसायटी भवन का सौंदर्यीकरण एवं सांस्कृतिक मंच में चेकर टाईल्स का कार्य- 4.65 लाख, वार्ड क्र. 56 सुराकछार बस्ती में जेतु दफाई एवं रोहिना दफाई स्थित 03 स्कूलों में बाउण्ड्रीवाल एवं स्कूलो का मरम्मत कार्य- 4.94 लाख, वार्ड क्र. 57 अंतर्गत आनंद नगर अशोक मसाला चक्की से देव साहू के घर तक 100 मी. सीसी रोड निर्माण कार्य 4.40 लाख, वार्ड क्र. 58 अंतर्गत इमलीकछार के कला मंदिर परिसर में सांस्कृतिक मंच एवं आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य- 4.75 लाख, वार्ड क्र. 59 अंतर्गत विकासनगर के आंगनबाड़ी मोहल्ला एवं विद्यानगर में आर.सी.सी. नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य कुल लागत 23.54 लाख के कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

# उप मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

उप मुख्यमंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव आज अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर बिलासपुर के व्यापार विहार स्थित त्रिवेणी भवन में आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि साव ने कहा कि बुजुर्ग हमारा गौरव हैं। उनके मान-सम्मान में ही हमारा मान-सम्मान है। उनका आशीर्वाद हमारे लिए बड़ी ताकत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिल्हा के विधायक धरम लाल कौशिक ने की। इस अवसर पर बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 600 बुजुर्गों का सम्मान किया गया। इस



दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के बुजुर्गों के लिए श्रवण कुमार बनकर उनकी सेवा कर रहे हैं। उन्होंने 70 साल से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने बुजुर्गों को सम्मानित किया है। दोनों सरकारों द्वारा बुजुर्गों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी उस स्थान को कहते हैं जहां तीन नदियों का संगम होता है। आज त्रिवेणी भवन में इतनी बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों की मौजूदगी से यह जगह वास्तव में तीर्थ स्थान जैसा लग रहा है।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से हमें ताकत मिलती है। बुजुर्गों का सम्मान आदिकाल से हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा रही है।

# महादेव घाट को स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में चिन्हित कर स्वच्छ बनाने अभियान




रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 8 के तहत माघव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के अंतर्गत रायपुरा महादेव घाट स्थल को चिन्हित कर उसे स्वच्छ बनाने का अभियान तेज गति से प्रगति पर है। महादेवघाट खारून नदी के तट पर सफाई करवाकर स्वच्छता कायम करने का कार्य स्वच्छ भारत मिषन अभियान अंतर्गत नगर निगम स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिषन शाखा के निर्देष पर नगर निगम जोन 8 द्वारा किया जा रहा है। यह अभियान नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव एवं आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देष पर चलाया जा रहा है। जिसमें जोनो द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत स्वच्छता लक्षित इकाई चिन्हित कर वहां सफाई करवाकर स्वच्छता कायम करने का कार्य किया जा रहा है।

# साल दर साल बढ़ रहे रावण के आकार को छोटा कर मनाएं श्रीराम विजयादशनी पर्व : पुरन्दर मिश्रा

### बुराई के प्रतीक को अत्याधिक बढ़ा दिखाना अच्छा नहीं

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

असत्य पर सत्य की जीत के उत्सव विजयादशमी के आयोजन को लेकर रायपुर उत्तर के विधायक व जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरन्दर मिश्रा ने सोमवार 30 सितंबर को एक पत्रकार वार्ता ली, जिसमें विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि पांच सौ साल इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना हुई है। आराध्य देव राम का स्वरूप बड़ा व रावण का कद भी छोटा किया जाना चाहिए और इस पर्व को दशहरा की जगह हमें श्रीराम विजयादशमी कहना चाहिए, क्योंकी यह प्रभु श्रीराम




के विजय का पर्व है।

विधायक श्री मिश्रा ने आगे कहा कि परंपरा के अनुसार कालांतर से यह रीत चली आई है कि हिन्दू पंचांग के तहत आश्विन माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयादशमी का पर्व मनाया जाता है। यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसे देखते हुए दशहरा उत्सव का आयोजन करने वालों से आग्रह है कि वे भगवान राम के स्वरूप को बड़ा और रावण का पुतला छोटा बनाएं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि विजयदशमी उत्सव भगवान राम द्वारा रावण के घमंड और अहंकार पर जीत का प्रतीक है। श्रीराम ने रावण का वध भी अहंकार को खत्म करने के लिए किया था। तब विजयादशमी के पर्व का मुख्य उद्देश्य बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानते हुए रावण के स्वरूप का दहन किया जाता रहा है। लेकिन इस प्रतीक रूपी रावण का कद वर्ष दर वर्ष बढ़ता गया। मेरा मानना है कि बुराई के प्रतीक बढ़ा दिखाना अच्छा नहीं होगा। मैं महाप्रभु जगन्नाथ की सेवा करता हूं। मेरे मन में जो भाव आया उसे मैं आप लोगों के माध्यम से साझा कर रहा हूं, इसे लोग मानें या न मानें इसके लिए किसी को बाध्य नहीं कर सकता, यह मेरा आग्रह है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियानः अटारी प्राथमिक एवं हाईस्कूल, साइंस कालेज में विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता शपथ



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के क्षेत्र के तहत अटारी प्राथमिक एवं हाईस्कूल सहित साइंस कालेज में विद्यार्थियों ने स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक स्वच्छता शपथ ली । साथ ही विद्यार्थियों ने स्वच्छता परमो धर्मः पर आधारित स्वच्छता बैनर पोस्टर पाम्पलेट के माध्यम से नागरिको के मध्य स्वच्छ जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छ पर्यावरण का सकारात्मक संदेश दिया। विद्यार्थियों सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं, नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक स्वच्छता शपथ ली गई एवं नागरिको के मध्य स्वच्छता संदेश दिया गया।

# स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी कार्यक्रम आज




रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

जिला प्रशासन रायपुर द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर 2024 बुधवार को प्रातः 9 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्षनी कार्यक्रम प्रदेष के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम प्रदेष के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि एवं विधायी कार्य विभाग श्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी षिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी श्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री जिला रायपुर , वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मन्त्री श्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा, अभनपुर विधायक श्री इन्द्र कुमार साहू, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेष्वरी वर्मा, नगर पालिक निगम रायपुर के अध्यक्ष श्री प्रमोद दुबे, नगर पालिक निगम रायपुर की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चैबे, नगर पालिक निगम रायपुर के खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के अध्यक्ष श्री नागभूषण राव के विशिष्ट आतिथ्य की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया है।

# इलेक्ट्रिशियन की बेटियों को मिली सुखद भविष्य की राह

### मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रावृत्ति योजना से पूरी हुई पिता की इच्छा

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

ढीली सूती टी-शर्ट और धुली हुई जींस पहने हुए, दिनेश कुमार सेवक अपने बच्चों के भविष्य के सपने को लेकर उत्साहित दिखते हैं। पेश से इलेक्ट्रिशियन दिनेश ने बताया कि वे चाहते हैं उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और बड़े होकर शिक्षक या पुलिस अधिकारी बनें। उनकी यह इच्छा अब मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रावृत्ति योजना से पूरी होने जा रही है।

बारहवीं तक शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद, दिनेश कुमार के लिए रोज़गार के बेहतर अवसर उपलब्ध नहीं हो सके और वे इलेक्ट्रिशियन के काम से जुड़ गए। एक दिन उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक हेल्पलाइन पर संपर्क किया। श्रम विभाग के अधिकारियों ने दिनेश को 'मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना' के बारे में बताया, इससे दिनेश को ऐसा लगा जैसे बंद किस्मत दरवाज़ा खुल गया हो।

अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाले दिनेश कुमार ने बताया कि वे बिलासपुर जिले के सिंगरी गांव के रहने वाले हैं। उन्हें बचपन में न तो सही मार्गदर्शन मिला और न ही आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर लेकिन बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन से सारी प्रक्रिया समझने के बाद उन्होने आवेदन किया, इसके बाद उन्हें अपनी 12 और 14 वर्ष की दो बेटियों के लिए 3,000 रुपये की वित्तीय सहायता मिली। यह सहायता उनके तत्कालीन आर्थिक संकट को कम करने में सहायक सिद्ध हुई। दिनेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रावृत्ति योजना से उनकी बेटियां अब बिना किसी फीस की चिंता किए पूरी तरह अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। वे आत्मविश्वास से कहते हैं।

# कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करें: मंत्री कश्यप

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी। मंत्री कश्यप ने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के 100 दिवस के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री कश्यप ने जशपुर जिले के कुनकुरी में नया कार्यपालन अभियंता कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी। मंत्री श्री कश्यप ने बिलासपुर और सरगुजा के मुख्य अभियंताओं को



प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं का टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बांध सुरक्षा संबंधी कार्यो के बजट का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कंसलटेंट, सार्वजनिक उपक्रम को लगाकर कार्य-योजना बनाकर कार्य में तेजी लाने तथा भू-जल सॉफ्टवेयर स्मार्ट मीटर का काम दिसम्बर तक पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता कार्यालय जगदलपुर एवं राज्य जल सूचना केन्द्र की स्थापना के संबंध में भी चर्चा की गई। मंत्री कश्यप ने विभाग की सभी बड़ी योजनाएं को पीएफआईसी से अनुमोदित कराकर प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने और आगामी तीन माह में टेंडर लगवाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में रिक्त पदों पर भर्ती और पदोन्नति, कुनकुरी में नये अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के शुभारंभ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सोलर पावर प्रोजेक्ट, जल संसाधन विभाग की सम्पतियों का व्यवसायिक उपयोग हेतु नीति, बांधो से गाद निकालने हेतु डेऊजिंग पॉलिसी बनाने, वन विभाग में लंबित व्यपवर्तन प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जल संसाधन सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता श्री इंद्रजीत उइके, मुख्य अभियंता सर्वश्री एस व्ही. भागवत, के.एस गुरूवर, एस.के.टीकम, डी. के. उमेरकर, आर. के. इंदवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ

### बलरामपुर-रामानुजगंज के राजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में जनजातीय बहुल गांवों के समग्र विकास के लिए 02 अक्टूबर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का झारखण्ड के हजारीबाग से शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और अन्य अतिथिगण



शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था विकासखण्ड राजपुर के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउंड बूढ़ा बगीचा में की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस मौके पर वे राजपुर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिलान्यास सहित जिले में 192 करोड़ 60 लाख रूपये के 108 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इस मौके पर साय विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में सामग्री तथा सहायता राशि का भी वितरण करेंगे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जा रही योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में देश में आदिवासी बहुल क्षेत्रों के 63,000 गांव शामिल किया गया है, जिससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभ होगा। इसमें 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय बहुल 549 जिले और 2,740 ब्लॉक के गांव शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए 32 जिलों के 138 विकासखण्डो के 6691 आदिवासी बहुल गांव का चयन किया गया है। चयनित गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, उन्नति के कार्य किए जाएंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में 25 कार्यक्रम शामिल हैं। यह योजना केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जाएगी। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के क्षेत्र से जनजातीय परिवारों को जोड़कर उनके समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

# 151 बेटियों के माता पिता का सम्मान करेगी नवसृजन मंच

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

शरद नवरात्रि के अवसर पर आदि शक्ति की आराधना के साथ सामाजिक संस्था नवसृजन मंच द्वारा बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने हेतु विगत 7 वर्षों से अपने पेटेंट कार्यक्रम बिटियाजन्मोत्सव मनाता रहा है इस वर्ष भी बिटिया जन्मोत्सव का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जा रहा है। वृंदावन हाल सिविल लाइन में सम्पन्न होने वाले बिटिया जन्मोत्सव के आयोजन में 151 ऐसी बेटियों का सम्मान किया जाएगा जो 6 माह के अंदर जन्मी है बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने बेटियों के माता पिता को सम्मान पत्र के साथ बेटियों के लालन पालन की प्रारंभिक चीजे बेबी किट उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी साथ ही 151 कन्याओं का पूजन भी आदि शक्ति के रूप में किया जाएगा बिटिया के जन्म के बाद माता का पोषण कैसा हो इसकी जानकारी भी आहार विशेषज्ञ डा नम्रता सिरमौर




(गायनेकोलोजिस्ट) द्वारा कार्यक्रम के दौरान दी जाएगी साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बेटियों के जन्म से लेकर आजीवन मिलने वाली शासन की योजनाओ की जानकारी भी कार्यक्रम दौरान महिला बाल विकाश विभाग द्वारा दी जाएगी और उन्हें कार्यक्रम स्थल में ही जिन योजनाओ से जोड़ा जा सकता है उन योजनाओं से जोड़ा भी जाएगा जिसके लिए महिला एवं बाल विकाश के सहयोग से सम्बंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे नवरात्र आदि शक्ति के पूजन का दिन सँस्था द्वारा महिलाओं का सम्मान नारी शक्ति सृजन सम्मान से किया जाएगा जिसमे अलग अलग क्षेत्रों से सविता मोतलग (नृत्य),विनीता अग्रवाल (विधि), मंजुला वर्मा (शिक्षा), विनीता धुर्वे (चिकित्सा), सुखविंदर कौर माथारु (व्यवसाई), शुभ्रा ठाकुर (कवियत्री), तृप्ति सोनी (पत्रकारिता), गोपा सान्याल (शास्त्रीय गायन), डा प्रमिला मंडावी (पुलिस) मेघा तिवारी पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों में अपनी योग्यता के बल पर मुकाम प्राप्त करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति सृजन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा संस्था नवसृजन मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि संस्था बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने विगत कई वर्षों से यह आयोजन करती आ रही है वर्ष में दो बार शरद नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि में वृहद आयोजन होता है साथ ही बीच बीच मे सरकारी अस्पतालों में बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने आयोजन साल भर होते रहता है , इस वर्ष छत्तीसगढ़ महिला चेंबर की टीम भी सहयोगी के रूप में जुड़ी है साथ ही नवरात्रि पर कन्या पूजन का आयोजन भी इस दौरान होता है जिसके लिए संस्था नवसृजन मंच के सदस्यगण जिनमे डॉ देवाशीष मुखर्जी कांतिलाल जैन किशोर महानन्द डा प्रीति सतपथी, मनीषा सिंह, डा रश्मि चावरे, मधु अरोरा, आभा मिश्रा,मनोज जैन नरेश नामदेव डॉ यूलेन्द्र सैय्यद रजा श्रध्दा राजपूत राजेश साहू सहित राजधानी की प्रतिष्ठित संस्थाओं से जुड़े प्रमुखजन इस आयोजन को सफल बनाने अपना योगदान दे रहे है

# छत्तीसगढ़ के बचेली वन क्षेत्र में प्राचीन वनस्पतियों का जीवंत संग्रह

आलेख - लक्ष्मीकांत कोसरिया, डिप्टी डायरेक्टर जनसंपर्क

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने हाल ही में पारिस्थितिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान की है, जो दंतेवाड़ा वन मंडल के बचेली वन परिक्षेत्र में स्थित है और बीजापुर के गंगालूर वन परिक्षेत्र तक फैला हुआ है। इस विशेष वन क्षेत्र में कई प्राचीन वनस्पतियों की प्रजातियां पाई गयीं है, जो छत्तीसगढ़ राज्य की असाधारण जैव विविधता को प्रदर्शित करता है। इस क्षेत्र को वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों ने जैव विविधता के लिए अत्यधिक समृद्ध और महत्वपूर्ण माना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह खोज न केवल इस क्षेत्र के पर्यावरणीय महत्व को दर्शाती है, बल्कि भविष्य में वन अनुसंधान और संरक्षण के प्रयासों को भी नई दिशा देगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस क्षेत्र की जैव विविधता को संरक्षित करने और वन अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से राज्य को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी।

सरकार इस क्षेत्र में शोध और अध्ययन के लिए विशेष प्रोत्साहन देगी, ताकि इन दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित रखा जा सके। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्लभ वन क्षेत्र विशेष रूप से उन पौधों की प्रजातियों का घर है, जो करोड़ों साल पहले के समय में अस्तित्व में थीं। अब यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अध्ययन के लिए बल्कि पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। समुद्र तल से 1,240 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह वन क्षेत्र सबट्रॉपिकल ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट (फॉरेस्ट टाइप 8) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। खास बात ये है की यह छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचाई वाला वन क्षेत्र हो सकता है। जबकि राज्य में मुख्य रूप से मॉइस्ट एंड ड्राय डेसिड्युअस फॉरेस्ट्स (फॉरेस्ट टाइप 3 एंड 5) के लिए जाना जाता है, यह विशेष वन पैच ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट एक नया पारिस्थितिक आयाम प्रस्तुत करता है। यहां की वनस्पति पश्चिमी घाट की वनस्पतियों से काफी हद तक मेल खाती है। कांगेर घाटी के जंगलों की तरह, यह क्षेत्र भी विभिन्न प्रकार की प्रजातियों से समृद्ध है। इसके अलावा, मानवजनित दबाव की कमी होने कारण इन प्रजातियों को बिना किसी बाधा के पनपने में मदद मिली है। इस क्षेत्र को एक 'जीवित संग्रहालय' माना जा रहा है, क्योंकि यहां कई प्राचीन पौधों की प्रजातियां संरक्षित



हैं, जो संभवतः प्रागैतिहासिक काल, यहां तक कि डायनासोर युग से संबंधित हो सकती हैं। यहां पाई गई कुछ वनस्पतियों की प्रजातियों को छत्तीसगढ़ में पहली बार दर्ज किया गया माना जा रहा है। इस विशेष वन का तीन दिवसीय सर्वे अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास एवं योजना) श्री अरुण कुमार पांडे, आईएफएस के नेतृत्व में किया गया। इस सर्वे दल में पर्यावरणविदों और वन अधिकारियों के साथ-साथ आईएफएस परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री एस. नवीन कुमार और श्री वेंकटेशा एम.जी. भी शामिल थे। इसके अलावा, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के उप निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के पूर्व विभागाध्यक्ष श्री एम.एल. नायक भी सर्वे टीम का हिस्सा थे।

सर्वे के दौरान, टीम ने दुर्लभ और प्राचीन वनस्पतियों की कई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया है, जिनमें ऐल्सोफिला स्पिनुलोसा (ट्री फर्न), ग्नेटम स्कैंडन्स, ज़िज़िफ़स रूगोसस, एंटाडा रहीडी, विभिन्न रुबस प्रजातियाँ, कैंथियम डाइकोकूम, ओक्ना ऑब्टुसाटा, विटेक्स ल्यूकोजाइलन, डिलेनिया पेंटागाइना, माचरेन्जा साइनेंसिस, और फिकस कॉर्डिफोलिया शामिल हैं। इनमें से माचरेन्जा साइनेंसिस प्रजाति संभवतः छत्तीसगढ़ के केवल इसी वनीय पहाड़ी क्षेत्र में पाई गई है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव, आईएफएस ने इस विशेष वन क्षेत्र के बारे में कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ वन विभाग राज्य की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। बचेली का ये बेहद विशेष वन क्षेत्र राज्य वन विभाग की जैव विविधता के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बचेली का ये विशेष वन भविष्य के अनुसंधान एवं इको-टूरिज्म के विकास के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रस्तुत करता है। वन विभाग इस क्षेत्र की छिपी हुई जैव विविधता को और गहराई से समझने के लिए अधिक विस्तृत सर्वेक्षण करने की योजना बना रहा है।

## सम्पादकीय

# प्रतिभा का ख्याल तो इसी तरह रखना होगा

प्रतिभा कुदरती होती है,वह किसी में भी हो सकती है। उस पर किसी जाति,धर्म,भाषा,वर्ग का एकाधिकार नहीं होता है। कोई भी,कहीं भी, किसी भी घर परिवार के किसी सदस्य में किसी न किसी तरह की प्रतिभा होती है। प्रतिभा हमेशा मानव समाज का सबसे अच्छा हिस्सा होता है, जैसे दूध का सबसे परिष्कृत रूप घी होता है।जैसे गन्ने का सबसे परिष्कृत रूप मिश्री को माना जाता है, उसी तरह मानव समाज का सबसे परिष्कृत रूप प्रतिभावान मनुष्य होता है। यही मनुष्य समाज के कल्याण का काम करता है, भले का विचार करता है,मनुष्य समाज को बताता है कि उसके लिए अच्छा क्या है, बुरा क्या है।इसलिए मनुष्य समाज में हर दौर में प्रतिभावान मनुष्य का सम्मान किया गया है। उसका ख्याल रखा गया है। आज हमारे पास पहले से बेहतर व्यवस्था है।हर स्तर पर प्रतिभावान मनुष्य की पहचान का। हर स्तर पर उसकी पहचान की जा सकती है।उसका ख्याल रखा जा सकता है लेकिन कई बार ऐसा होता है कि प्रतिभा की पहचान निचले स्तर पर नहीं हो पाती है। मदद करने वाले तो निचले स्तर पर भी होते हैं लेकिन प्रतिभावान बालक या युवा को कोई मदद नहीं करता है या वह मदद करने वालों तक नहीं पहुंच पाता है या मदद करने वाले उन तक नहीं पहुंच पाते हैं। मात्र इसी वजह से देश के कई प्रतिभावान छात्र व युवा जो शिक्षा वह पाना चाहते हैं, उनको मिलती नहीं है और उनकी प्रतिभा पहचान न होने के कारण मनुष्य समाज के जितनी काम आ सकती थी, काम नहीं आ पाती है। यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के टिटोरा गांव में रहने वाले अतुल कुमार के साथ भी ऐसा हो सकता था। एक दिहाड़ी मजदूर का बेटा अतुल कुमार मात्र 17500 रुपए जमा न कर पाने के कारण आईआईटी धनबाद में प्रवेश से वंचित रह गया। उसके गरीब मातापिता के पास तय तारीख तक जमा करने के लिए इतने पैसे नहीं थे।उसके माता-पिता ने आईआईटी की सीट बचाने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण,मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया कोई भी उसे आईआईटी में प्रवेश नहीं दिला पाया। यह काम आखिर में देश के सुप्रीम कोर्ट को करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट भी यह काम तब ही कर पाया जब उसके पास उसके पास ऐसा करने का अधिकार था। अगर उसके पास संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत असाधारण शक्तियां नहीं होती तो वह भी नहीं कर पाता। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी इसी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए आईआईटी धनबाद को आदेश दिया कि प्रवेश से वंचित अतुल कुमार को संस्थान के इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग बीटेक पाठ्यक्रम में दाखिला दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा करके देश के उन तमाम गरीब और प्रतिभाशाली बच्चों को ऐसा रास्ता दिखाया है जो उनको अब तक पता नहीं था।

# सेवा पखवाडा में सार्थक हो रहा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान

भारत में 1 लाख 71 हजार से अधिक निक्षय मित्र 20 लाख से अधिक टीबी रोगियों के मददगार बने

अशोक बजाज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता, सफाई, रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से देश भर में सेवा कार्य में लोग तल्लीन है. सेवा पखवाड़ा में नगर, गांव, गली, मोहल्लों, मजरों, चौपालों समेत सार्वजनिक व धार्मिक स्थानों पर सेवा कार्य के साथ साथ फ्प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियानफ् के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना को भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. इन दिनों काफी संख्या में लोग निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों की भौतिक रूप से मदद कर रहें हैं. हम यह जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज़्यादा टीबी यानी तपेदिक के मरीज़ भारत में हैं. दुनिया भर में प्रति वर्ष एक करोड़ से ज्यादा लोग टीबी की चपेट में आते है इनमें से एक चौथाई से ज्यादा भारतीय है. अमूमन हर साल भारत में 26 लाख लोग इस बीमारी से पीड़ित होते हैं तथा लगभग 4 लाख लोग इस बीमारी से मरते हैं. टीबी के मरीजों के समक्ष उपचार के दौरान होने वाले खर्च के अलावा पौष्टिक आहार की भी आवश्यकता होती है. सबसे ज्यादा समस्या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तिओं को होती है क्योंकि काम करने में सक्षम ना होने के कारण उन्हें दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती. ऐसे में उनके समक्ष उपचार और जीवन यापन एक चुनौती बन जाती है. टीबी को लेकर विश्व के तमाम देश चिंतित है, इसीलिये सन 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है. इससे एक कदम आगे बढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक लक्ष्य से 5 साल पहले यानी 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. इस कठिन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार के साथ साथ समाज की भागीदारी आवश्यक है. प्रधानमंत्री ने जन जन को इस अभियान से जोड़ने के लिए सन 2022 में फ्निक्षय मित्र योजनाफ् की शुरुवात की है. 'निक्षय मित्र योजना' के तहत कोई भी व्यक्ति, समूह या संस्थायें मरीजों को पोषण, उपचार व आजीविका में मददगार बनकर प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं. यह पूर्णतः स्वेच्छिक योजना है, जिसके तहत व्यक्ति या संस्था द्वारा एक मरीज के लिए प्रतिमाह 500 रुपये का योगदान देना होता है. इस राशि से विभाग द्वारा मरीजों के उपचार के दौरान अस्पताल अथवा घर पहुंचा कर पोषण आहार की टोकरियाँ प्रदान की जाती है. कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था कम से कम 6 माह तथा अधिकतम 3 साल के लिए एक अथवा एक से अधिक मरीजों को सहयोग प्रदान कर सकते हैं. इसके लिए उन्हें स्वास्थ विभाग से पंजीयन कराना होता है, ऑनलाइन पंजीयन की भी व्यवस्था है.



योजना प्रारंभ होने के बाद विगत दो वर्षों के भीतर भारत में अब तक 1 लाख 71 हजार से अधिक निक्षय मित्रों का पंजीयन हो चुका है. इनके योगदान से 20 लाख से अधिक टीबी रोगियों को 20 लाख से अधिक पोषण आहार की टोकरियाँ प्रदान की जा रही है. जहाँ तक छत्तीसगढ़ का सवाल है यहाँ लगभग 9000 लोगों ने निक्षय मित्र के रूप में पंजीयन करा लिया है इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छग के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल भी शामिल हैं. छत्तीसगढ़ में एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में लगभग 23000 टीबी रोगी हैं उनमें से 13646 रोगियों को पोषण आहार का पैकेट प्रति माह प्रदान किया जा रहा है. इसके अलावा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन योजना के तहत सभी रोगियों को टीबी रोधी दवाओं के अलावा नि:शुल्क उपचार की सुविधा भी प्रदान की जा रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश तथा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जयप्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में यह योजना अब व्यापक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है. 'निक्षय मित्र योजना' का प्रतिफल यह हुआ कि जन स्वास्थ्य एवं जन सरोकार से जुड़े इस अभियान में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं. आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति, कारोबारी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं अर्द्ध सरकारी संस्थाएं 'निक्षय मित्र' बनने के लिए आगे आ रहें है. टी.बी. उन्मूलन की दिशा में जन भागीदारी बढ़ने से इस योजना को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं. इस योजना से केवल रोगियों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति ही नहीं होती बल्कि निक्षय मित्र और इलाज करा रहे व्यक्ति के बीच एक आत्मीय संबंध भी स्थापित होता है. समाज में परस्पर सहयोग और सहानुभूति की भावना को विकसित कर टीबी के कलंक को जड़ से ख़त्म करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं. कुल मिलाकर सेवा पखवाड़ा में फ्प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियानफ् सार्थक सिद्ध हो रहा है.

टीबी हारेगा - देश जीतेगा

लेखक- अशोक बजाज

पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर

# राशिफल

मेष राशि :आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। आज व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।

वृष राशि :आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा।

मिथुन राशि :आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आज आपको परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता रहेगी। उनकी सेहत और परिवार का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है। बच्चो के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। बाहर के ऑयली खाने से परहेज करेंगे।

कर्क राशि :आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आज अपनी काबिलियत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ेगे तो भविष्य में आपकी सफलता के अवसर बढ़ जायेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण फैसला लेने में सहजता रहेगी।

सिंह राशि :आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। आज के दिन आपके लिए कमियों से सीख लेकर आगे बढ़ने का है। ऐसा करने से आप उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

कन्या राशि :आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज यात्रा से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आज आपकी परिस्थितियों में बदलाव होगा। थोड़ा समय परिवार वालों के साथ बीताने और बातचीत करने से किसी खास मुद्दे का समाधान निकलेगा।

तुला राशि :आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज पुश्तैनी जमीन-जायदाद से जुड़ा काम सुलझ सकता है।

वृश्चिक राशि :आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। आज परिवार के कुछ जरूरी काम होंगे। आज किसी से फोन पर लम्बी बात हो सकती है।

धनु राशि :आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा।

मकर राशि :आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे।

कुंभ राशि :आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी।

मीन राशि :आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा। साथ ही कोई कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें।

## सेहत नामा ...

# अगर आप भी करते हैं विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल तो आज ही हो जाएं सावधान, हो

आजकल लोग अपनी स्किन को सुंदर और जवां बनाने के लिए तरह-तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं. जिनमें से एक विटामिन ई की कैप्सूल भी हैं, जिसे लोग अपने चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए करते हैं. बता दें कि विटामिन ई के कैप्सूल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी स्किन संबंधी प्रॉब्लम्स को दूर करने में मदद करता है. इसमें कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले स्किन डैमेज और स्किन को रिपेयर करती है. लेकिन क्या आप जानते हैं, जिसे आप अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं आपके स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. तो आइए यहां जानें विटामिन ई कैप्सूल के इस्तेमाल करने के फायदे और नुकसान के बारे में.



विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल कितना फायदेमंद

स्किन एक्सपर्स्ट्स का मानना है विटामिन ई स्किन के लिए काफी फायदेमंद है, लेकिन अगर आप विटामिन ई के कैप्सूल को अपने चेहरे पर लगाते हैं, तो इसका कोई खास फायदा नहीं है.बता दें कि विटामिन ई के स्किन केयर प्रोडक्टस में सॉल्वेंट और इमल्सीफायर का मिश्रण होता है, इन्हीं की मदद से विटामिन ई चेहरे में समाता है. इसलिए सिर्फ विटामिन ई के कैप्सूल को चेहरे पर इस्तेमाल करने से कोई फायदा नहीं है. इस पर एक्पर्स्ट्स का कहना है कि विटामिन ई के कैप्सूल स्किन को कई बार नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. कई बार इससे स्किन में जलन और एलर्जी जैसी चीजें भी होने लगती है. विटामिन ई कैप्सूल के कारण स्किन का रंग काला पड़ सकता है. सेंसिटिव स्किन वालों को इसका खासकर ध्यान रखना है.

विटामिन ई कैप्सूल के नुकसान

जानकारी के मुताबिक इन कैप्सूल में मौजूद विटामिन ई बहुत ही ज्यादा गाढ़ा और ऑयल सॉल्युबल होता है. इससे चेहरे पर कील-मुंहासों समेत कई कई समस्यएं हो सकती है. इसलिए स्किन एक्सपर्ट चेहरे पर डायरेक्ट विटामिन ई के कैप्सूल अप्लाई करने की सलाह नहीं देते हैं. ऐसे में अगर आपको इसकी जरूरत महसूस हो रही है तो आप विटामिन ई के कैप्सूल की जगह विटामिन ई के कोई और प्रोडक्ट्स यूज कर सकते हैं. वैसे तो चेहरे की समस्या को नेचुरली तरीके से और लाइफस्टाइल में सुधार करके दूर किया जा सकता है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आपको विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल करना है तो सबसे पहले इसका पैच टेस्ट जरूर करें. पैच टेस्ट करने के बाद अगर इसके इस्तेमाल से आपकी स्किन पर कोई गलत असर दिखाई दे रहा है, तो इसके इस्तेमाल से बचें. औरअगर आपको इसके इस्तेमाल से कोई परेशानी नहीं हो रही है तो आप इस्तेमाल कर सकते हैं. साथ ही इसके इस्तेमाल से पहले किसी एक्पर्स्ट्स से संपर्क जरूर करें.

# अगर आप भी है आइसक्रीम खाने के शौकीन, तो यहां जान लें इसके फायदे और नुकसान

गर्मियों के मौसम में हम सभी को आइसक्रीम खाना काफी पसंद होता है. अक्सर आपने सुना होगा कि ज्यादा गर्मी होने पर लोग आइसक्रीम खाने की इच्छा जाहीर करते है. ऐसे में लोगों का मानना है कि आइसक्रीम हमें गर्मी से बचाते हैं. बच्चे हों या बड़े आइसक्रीम खाना सभी को पसंद होते है. लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि जिसे आप मजे से खा रहे हैं वो आपकी सेहत के लिए कितना नुकसानदायक है बता दें कि आइसक्रीम को पिजर्व रखने के लिए इसमें कई तरह के हानिकारक केमिकल्स मिलाए जाते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम करते हैं.



आइसक्रीम खाने के फायदे

गर्मियों के दिनों में आइसक्रीम खाने से ताजगी मिलती है, ये शरीर को ठंडा रखती है और गर्मी से राहत देती है. जानकारी के अनुसार आइसक्रीम में शुगर और कैलोरी की मात्रा होती है, जो आपको इस्टेंट ऊर्जा प्रदान कर सकती है. ये थकान दूर करने में भी मदद करती है. आइसक्रीम की कई सारी फ्लेवर्स आती है, जिसके कारण लोग इसे अपनी पसंद के अनुसार लोग खाते हैं. और अपने पसंद के चीजों के खाने का स्वाद अलग ही होता है. ये बच्चों और बड़ों दोनों के लिए एक पसंदीदा डेसर्ट है. कई लोगों का मानना है कि आइसक्रीम खाने से स्ट्रेस कम होता है. इससे मस्तिष्क में एंडोर्फिन रिलीज होती है जो हमारे मूड को बेहतर बनाती है.

आइसक्रीम खाने के नुकसान

आइसक्रीम में अधिक कैलोरी होती है, और इसका अधिक सेवन करने से वजन बढ़ सकता है. ये मोटापे का कारण बन सकता है. दांतों की समस्या आइसक्रीम में शुगर की मात्रा अधिक होती है, जो दांतों में कैविटी और अन्य समस्याओं का कारण बन सकती है. जरूरत से ज्यादा आइस्क्रीम का सेवन हार्ट अटैक के मरीजों के लिए नुकसानदायक है. क्योंकि इसे पिजर्व रखने के लिए इसमें कई तरह के हानिकारक केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जो हार्ट के लिए काफी हानिकारक है. जानकारी के अनुसार आइसक्रीम खाने से पाचन की समस्या हो सकती है. अगर आपको पाचन संबंधी समस्या है तो आप आइसक्रीम खाने से परहेज करें.

# मूड खराब कर सकती है शरीर में विटामिन की कमी

खुश रहने के लिए मूड का अच्छा रहना बहुत जरूरी है। मूड अच्छा रहता है तो दिन अच्छा व्यतीत होता है और तनाव कम होता है। इसका असर आपकी सेहत और नींद पर सबसे ज्यादा पड़ता है। ऐसे में सबसे जरूरी है कि आप इस बात का पता करें कि आपका मूड खराब क्यों होता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। कई बार हार्मोंस में बदलाव आने की वजह से मूड खराब होता है तो कई बार कोई बीमारी मूड स्विंग का कारण बनती है। इसके अलावा शरीर में कुछ खास विटामिन और मिनरल की कमी से भी मूड स्विंग्स हो सकता है।



जानिए मूड स्विंग्स क्यों होता है?

दरअसल हमारे शरीर को कुछ खास पोषक तत्वों की जरूरत होती है, जो हमें खाने से मिलते हैं। हमे सिर्फस्वाद या भूख मिटाने के लिए नहीं बल्कि शरीर की जरूरतों को ध्यान में रखकर भोजन खाना चाहिए। जब शरीर में विटामिन और मिनरल्स की कमी होती है तो इससे हमारा (संज्ञानात्मक कार्य) प्रभावित होता है। ऐसी स्थिति में चीजों को याद रखना, ध्यान केंद्रित करना, पॉजिटिव सोच रखना और क्लीयर सोचना मुश्किल हो जाता है।

इन विटामिन की कमी से हो सकता है मूड स्विंग

कई रिसर्च में भी ये बात सामने आई है कि शरीर में विटामिन और खनिज की कमी होने से हमारी मनोदशा पर इसका असर पड़ता है। मूड स्विंग का बड़ा कारण विटामिन और पोषण की कमी हो सकता है। शरीर में विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन डी, और विटामिन ई की कमी होने से मूड स्विंग्स हो सकते हैं। इसके अलावा मिनरल्स में कैल्शियम, क्रोमियम, आयरन, जिंक, सेलेनियम और मैग्नीशियम की कमी होने से भी मूड स्विंग्स हो सकते हैं। कई बार न्यूट्रीशियन की कमी से शरीर में दूसरी समस्याएं होने लगती हैं।

# सनातन काल से ही स्वच्छता हमारे संस्कार और स्वभाव का हिस्सा : अरुण साव

- 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री
- एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को किया सम्मानित
- लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी




उप मुख्यमंत्री तथा बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव आज बिलासपुर की तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने पखवाड़ा के दौरान बेहतरीन काम करने वाले एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि साव ने कहा कि स्वच्छता हमारे लिए कोई नई चीज नहीं है। आदिकाल से यह हमारी आदत और संस्कार में शामिल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की। उप मुख्यमंत्री साव ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से एक दशक पहले स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ किया। उस समय बहुत से लोग सोचते थे कि यह क्या नई चीज है! लोगों के मन में स्वच्छता अभियान को लेकर आशंका थी। लेकिन लोग अब इतने दिनों में इसकी महत्ता समझ चुके हैं। सबको साफ-सुथरा रहना पसंद आने लगा है। साव ने कहा कि स्वच्छता सनातन काल से हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा रही है। 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्नीक कॉलेज, आदर्श आईटीआई और शासकीय कृषि महाविद्यालय द्वारा किया गया था। साव ने कार्यक्रम में कहा कि हम कितने भी महंगे कपड़े पहन लें, यदि वह साफ-सुथरा नहीं है तो उसका कोई मतलब नहीं है। हम अपने घर के भीतर तो साफ-सफाई रखते हैं, लेकिन आसपास की स्वच्छता को भूल जाते हैं। इसकी चिंता नहीं करते। घर की ही तरह अपने परिवेश, गांव, मोहल्ला और शहर की सफाई पर भी ध्यान देना है। 'स्वच्छता परमो धर्म:' के ध्येय को सामने रखकर लोगों को जागरुक करने प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अवनीश शरण, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह और शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य टी.एस. चावला सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक, एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवक तथा गणमान्य नागरिक भी समारोह में मौजूद थे।

# राष्ट्रीय हिंदू संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



राष्ट्रीय हिंदू संगठन का 12 व दिवस मनाया गया छत्तीसगढ़ में तीन स्थानों में मनाया गया अंबिकापुर सरगुजा बिलासपुर प्रदेश स्तर पर रायपुर भव्य रूप से मनाया गया जिसमें वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर 10:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक 10:00 बजे से लेकर 12:00 तक का संगठन का कार्यक्रम प्रथम ध्वज पूजन हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक रूप से पढ़ा गया उसका बाद संगठन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और संगठन का प्रतिज्ञा पढ़ा गया सभी एक साथ सभी उसकी बात अपने-अपने बात रखें मुख्य अतिथि माननीय आचार्य हनुमान लाल द्विवेदी विप रोड राम मंदिर के मुख्य पुजारी माननीय आचार्य ब्रह्मचारी डॉक्टर इंद्र भवन आनंद शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख रायपुर माननीय आचार्य स्वरूपानंद जी महाराज भारत सेवाश्रम के प्रमुख रायपुर श्रीफल साल मोमेंट देकर सम्मानित किया गया के सम्मानित किया गया सभी संत महाराज जी का उद्बोधन भी सुना गया तत्पश्चात खोकन कुंडू प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रभारी संगठन के बारे में जानकारी दिया एवं उद्बोधन दिए संगठन के बारे में जानकारी दिए कार्यक्रम समाप्ति के बाद जलपान का भी व्यवस्था किया गया था बड़े हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम मनाया गए




## जीओ और जीवन दो

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी । भारतीय योग संस्थान, रायपुर द्वारा आज बी टी आई ग्राउंड शंकर नगर में 58 वां योग दिवस ,समस्त केंद्रों द्वारा मिलकर सामुहिक रूप से मनाया जाएगा लगभग 700 साधकों की उपस्थिति का अनुमान है आप सभी सादर आमंत्रित है। अपने मित्र,सखा, रिश्तेदारों को भी योग से जोड़ने प्रेरित करे और कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या उपस्थित रहे ऐसा सभी का प्रयास हो

# पितरों के अच्छे कामों को आगे ले जाकर उन्हें दें सच्ची श्रद्धांजलि- मुख्यमंत्री साय



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 2 अक्टूबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर जारी अपने संदेश में कहा कि पितर पक्ष पूर्वजों के प्रति हमारे सम्मान, प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है। मान्यता है साल में 15 दिनों के लिए पितर पक्ष में दिवंगत पूर्वज अपने घर आते हैं। इस दौरान हम अपने पूर्वजों के मोक्ष और शांति के लिए श्राद्ध करते हैं और उनसे जीवन में खुशहाली के लिए आशीर्वाद की कामना करते हैं। साय ने कहा कि पितरों का सम्मान हमारी परम्परा, सभ्यता और संस्कृति का अहम हिस्सा रहा है। हमारे पूर्वज जो धरोहर छोड़ गए हैं, उसे सहेजने और संवारने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हम अपने पूर्वजों के समाज के लिए किए गएअच्छे कामों को आगे ले जाकर उन्हें सही मायनों में श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अब ओड़िशा में भी किसानों से होगी धान की खरीदी

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ओड़िशा में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। ओड़िशा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा के नेतृत्व में आए अध्ययन दल ने आज छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था और पीडीएस सिस्टम का अवलोकन किया और इसकी तारीफ की। पात्रा ने बताया कि अब छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ओड़िसा में भी किसानों से समर्थन मूल्य के साथ-साथ अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के साथ धान की खरीदी की जाएगी। ओड़िसा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने पहले कैबिनेट की बैठक में ही इस संबंध में निर्णय लिया गया है। ओड़िसा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने कहा कि सरल और सहज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री साय की प्रशंसा करते हुए पात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति में खरा साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि ओड़िशा में भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने साय सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति अमल में लाई जाएगी। ओड़िसा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओड़िसा दोनों पड़ोसी राज्य है। डबल इंजन के सरकार के साथ दोनों राज्य तेज गति से विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर मंत्रियों द्वारा हमें हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया गया है। ओड़िसा में धान खरीदी व्यवस्था और पीडीएस सिस्टम में जहां-जहां कमी पाई जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के सिस्टम का अनुकरण कर योजनाओं का और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा। पात्रा ने कहा कि ओड़िशा में भी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर धान खरीदी व्यवस्था लागू करने के लिए ओड़िशा का अध्ययन दल यहां आया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर पावर पॉइंट प्रेजेनटेशन के माध्यम से एक-एक तथ्यों का बारीकी से अध्ययन किया। अध्ययन दल द्वारा कृषि उपज मंडी, अनाज गोदाम और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जीरो पॉइंट पर जाकर सिस्टम का गहन रूप से अध्ययन किया गया।

# रिंग रोड नंबर 1 फ्लाई ओव्हर के पास अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के तहत संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 सरोना टाटीबंध चैक के आगे रिंगरोड नंबर 1 फ्लाई ओव्हर के पास अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नगर निगम जोन 8 और निगम मुख्यालय नगर निवेष उडनदस्ता द्वारा की गई।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसीलदार श्री विनोद साहू, राजस्व निरीक्षक श्री संजय परमार, पटवारी करूणा पटेल, जोन 8 जोन कमिष्नर श्री ए.के. हालदार, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता श्री ईष्वरलाल टावरे, उपअभियंता सुश्री नलिनी साहू, सुश्री रूचिका मिश्रा, थाना प्रभारी , पुलिस बल की उपस्थिति रही ।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भटगांव जल प्रदाय योजना की रखेंगे आधारशिला

- मिशन अमृत 2.0 के तहत 56.78 करोड़ लागत की जल प्रदाय योजना का काम होगा शुरू, दो साल में पूर्ण करने का लक्ष्य

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को सूरजपुर जिले के भटगांव नगर पंचायत के लिए जल प्रदाय योजना की आधारशिला रखेंगे। वे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अमृत मिशन के अंतर्गत 13 राज्यों में स्वीकृत जल प्रदाय योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव बिलासपुर कलेक्टोरेट से सवेरे दस बजे कार्यक्रम से जुड़ेंगे। वे इसके तुरंत बाद कलेक्टोरेट परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण करेंगे।

मिशन अमृत 2.0 के तहत भटगांव में जल प्रदाय योजना की स्वीकृति मिली है। 56 करोड़ 78 लाख रुपए लागत की इस योजना में महान नदी के गोंडा एनीकट में इंटेकवेल का निर्माण कर पेयजल भटगांव पहुंचाया जाएगा। एनीकट से रॉ-वॉटर पाइपलाइन के माध्यम से सतही जल को योजना के अंतर्गत प्रस्तावित जल शोधन संयंत्र में शुद्ध कर स्वच्छ पेयजल भटगांव शहर को उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में भटगांव शहर में प्रति व्यक्ति 49 लीटर जल प्रतिदिन उपलब्ध हो रहा है। भटगांव की इस नई जल प्रदाय योजना के शुरू होने के बाद वहां प्रति व्यक्ति 135 लीटर प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। भटगांव जल प्रदाय योजना के अंतर्गत दो एमएलडी क्षमता के जल शोधन सयंत्र, कुल 750 किलो लीटर क्षमता के तीन उच्च स्तरीय जलागार, 64 किलोमीटर की वितरण पाइपलाइन तथा कुल 3586 निजी नल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। विगत अगस्त माह में इसके लिए कार्यादेश जारी किया जा चुका है। योजना का काम आगामी 24 महीनों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

# तनाव के प्रबंधन पर चिकित्सको द्वारा रायपुर में कार्यशाला का आयोजन

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

. ISAR, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ शाखा, RSOPARB, हार्टफुलनेस एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर के संयुक्त तत्वाधान से टेलीमेडिसिन हॉल, पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में चिकित्सको, मरीजों एवं उनके परिजनों को दैनिक जीवन में होने वाले मानसिक तनाव से बचाव के लिए कार्यशाला दिनांक 4, 5, एवं 6 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया है, जिसका उद्घाटन समारोह दिनांक 6/10/2024 को होगा, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे इस कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर डॉ. तृप्ति नागरिया, डीन मेडिकल कॉलेज रायपुर, डॉ अलोक अग्रवाल डीन (अकादमिक) एम्स रायपुर, डॉ एस बी एस नेताम संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक भीम राव अंबेडकर अस्पताल रायपुर एवं डॉ. राकेश गुप्ता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आई एम ए. रहेंगे और इस कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी सचिव ISAR, डॉ. ज्योति जायसवाल सचिव RSOPARB एवं डॉ. दिग्विजय सिंह सचिव छत्तीसगढ़ आई एम ए उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम मे वक्ता के रूप में डॉ. मनीष कुलकर्णी डायरेक्टर धन्वंतरि अस्पताल पुणे, डॉ. हरेश मेहता वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ लीलावती हॉस्पिटल मुम्बई, एवं डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, नि:सन्तानता विशेषज्ञ. इस कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने, अपने सोच को कार्यक्षेत्र और दैनिक जीवन के तनाव से बचा कर उसे सकारात्मक सोच की दिशा में प्रेरित करने के विभिन्न तरीको को एवं ध्यान के माध्यम से अपने जीवन और आस पास के माहौल को कैसे हम अपने अनुरूप कर सकते है इस पर व्याख्यान दिया जाएगा।

# रायपुर के बैरन बाजार पोस्ट ऑफिस में नि:शुल्क थैला सिलवाने की सुविधा उपलब्ध

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी




भारतीय डाक विभाग के रायपुर डाक संभाग द्वारा स्वच्छता से श्रेष्ठ सेवा 2024 के अंतर्गत प्लास्टिक की थैली के स्थान पर कपड़े के थैले को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आम जनता के लिए बैरन बाजार पोस्ट ऑफिस, रायपुर में नि:शुल्क थैला सिलवाने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है । बैरन बाजार पोस्ट ऑफिस, रायपुर के प्रांगण में 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कोई भी जन-सामान्य पुराने कपड़े लाकर, अधिकतम 02 थैले सिलवा सकते हैं । इस सेवा का उदघाटन रायपुर डाक संभाग के प्रवर अधीक्षक हरीश कुमार महावर और उपअधीक्षक सौरभ कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।

## मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर किया नमन

**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया है। महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा है कि महात्मा गांधी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। महात्मा गांधी ने भारत को सही अर्थों में सिद्धांत और व्यवहार से जोड़ा था। उन्होंने भारतीयों को स्वदेशी वस्त्रों और उत्पादों का उपयोग करके आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। उन्होंने चरखा का प्रतीक अपनाया, खादी को बढ़ावा दिया। स्वच्छता के लिए ढेरों छोटे-बड़े अभियान चलाए। उनके मार्ग पर चलकर गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन देश भर में व्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया। एक स्वच्छ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देकर हम गांधी जी को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस समारोह में शामिल हुई मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सूरजपुर के अग्रसेन स्टेडियम में सियान सम्मान कार्यक्रम का अयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्री श्रीमती राजवाड़े सहित अन्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को चाबी सौंपी 7अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर समस्त अतिथियों एवं आमजनों को स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाई गई । सभी हितग्राहियों को मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बधाई दी और कहा कि लगातार डबल इंजन की सरकार विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए समस्त प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आप सभी के सेवा में सदैव तत्पर है । साथ ही मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि हमें सदैव वृद्धजनों का आदर सम्मान करना चाहिए और उन्हें हमेशा खुश रखना चाहिए क्योंकि घर के बड़े बुजुर्ग अगर खुश रहेंगे तो घर में सुख-समृद्धि हमेशा बनी रहेगी । उन्होंने शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आभार व्यक्त किया । शिवनंदनपुर बनेगा नगर पंचायत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की घोषणा

आज कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता को संबोधन के दौरान शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर विशेष रूप से कृषि मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह मरावी, श्रीमती शकुंतला पोते, भईयालाल राजवाड़े, श्रीमती रेणुका सिंह, श्रीमती गोमती साय, राजेश अग्रवाल, श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, प्रमोद मिंज, रामकुमार टोप्पो, श्रीमती रायमुनी भगत सहित वृद्धजन एवं आमजन मौजूद रहें ।

# राजनैतिक सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका में रहकर जिम्मेदारी से कर्तव्यों का पालन करेगा ब्राह्मण समाज

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी




सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का महाअधिवेशन आशीर्वाद भवन, रायपुर में सम्पन्न हुआ। यह महाअधिवेशन लगभग देर रात तक अनवरत चला। विद्वान वक्ताओं ने वर्तमान समय में ब्राह्मण की भूमिका के विषय में अपने-अपने उद्बोधन दिये। इस महाधिवेशन में लगभग 70 प्रदेश स्तरीय विप्र संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

ब्राह्मण समाज सदैव सभी का प्रेम, सम्मान प्राप्त करते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सामाजिक नेतृत्व करता रहा है। देश-प्रदेश के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा का क्रियान्वयन के प्रति सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया व सामाजिक एकता, चरित्र निर्माण के प्रति सजगता दिखलाई, महिला पदाधिकारियों ने भी सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करायी। समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया। कान्यकुब्ज समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण शुक्ल ने कार्यक्रम की उपयोगिता बताते हुए कहा कि सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम इस विशाल रूप में आयोजित किया गया है। पूर्व में विप्र भवन समता कालोनी में हुए सर्व ब्राह्मण के अधिवेशन के पश्चात् यह महाअधिवेशन के रूप में आयोजित किया गया। पूरे शहर से लगभग 70 संगठनों ने अपने-अपने पदाधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में मांग की रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने जा रहे उपचुनाव के लिए जिसमें 40 हजार के लगभग ब्राह्मण मतदाता हैं। ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण राष्ट्रीय पार्टियों से मांग की गई कि ब्राह्मण जाति से प्रत्याशी को टिकट दी जाए, इस हेतु ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही पार्टी प्रमुखों से मिलकर आग्रह करेगा। यह भी तय किया कि अगर ब्राह्मण प्रत्याशी को टिकट मिलती है तो समस्त ब्राह्मण तन-मन-धन से प्रत्याशी को जिताने में मदद करेगें। उपस्थित जनों में विशेष रूप से पं. प्रमोद दुबे, पं. ज्ञानेश शर्मा, पं. मृत्युजंय दुबे, पं. अंजय शुक्ल, पं. सुभाष तिवारी, पं. आकाश दुबे, श्रीमती सरिता दुबे, पं. राजीव वोरा, प्रारंभ से अंत तक श्रोता के रूप में उपस्थित रहें। इस महाअधिवेशन में प्रथम बार विभिन्न विप्र संगठनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर ब्राह्मण एकता का परिचय दिया। यह महाअधिवेशन चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। इस महाअधिवेशन में विभिन्न विप्र संगठनों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए, जिसमें प्रमुख रूप से पं. अरुण शुक्ल, पं. सुरेश मिश्र, पं. विनय तिवारी, पं. आर.एल. द्विवेदी, पं. राघवेन्द्र मिश्र, पं. जगदीश तिवारी, पं. नीलकंठ त्रिपाठी, पं. सौरभ शर्मा, पं. अनिल चतुर्वेदी, पं. रामअवतार तिवारी, पं. मोहन तिवारी, पं. राजू महराज, पं. मनीष वोरा, पं. अरविंद कुमार ओझा, पं. नितिन शर्मा, पं. दिनेश शुक्ल, पं. राकेश पाण्डेय, पं. शिवाकांत त्रिपाठी, पं. योगेश तिवारी, पं. निर्मल कुमार रिछारिया, पं. अमृतलाल बिलथरे, पं. चन्द्र प्रकाश व्यास, पं. प्रहलाद मिश्र, पं. सुनील बाजारी, शीला श्रीधर, प्रीति शुक्ला, भारती किरण शर्मा, पं. गुणानिधि मिश्र, सुनीता शर्मा, नीरज पाण्डेय, डॉ. आरती उपाध्याय, पं. दामिनी शर्मा, पं. अंजू पाण्डेय, पं. लावण्य तिवारी, पं. राजेन्द्र प्रसाद दुबे ने अपने वक्तव्य दिये। कार्यक्रम का संचालन पं. रज्जन अग्निहोत्री ने किया ।

प्रतिदिन राजधानी
बुधवार 2, अक्टूबर 2024



# करीना ने साझा कीं व्हाट वीमेन वांट सीजन 5 की झलकियां, कैटरीना समेत कई सितारों ने की तारीफ

करीना कपूर खान हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई शानदार फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़ एक फिल्में और यादगार किरदार किए हैं। जब वी मेट, ओमकारा, कभी खुशी कभी गम जैसी फिल्मों में उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता का सबूत हैं। वह इन दिनों अपने शो, व्हाट वीमेन वांट के आगामी सीजन की शूटिंग कर रही हैं। हाल में ही अभिनेत्री ने पर्दे के पीछे की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा की हैं, जिस पर कैटरीना कैफ ने भी प्रतिक्रिया देते हुए उनकी तारीफ की है। शनिवार को करीना ने व्हाट वीमेन वांट के सेट से अपना एक मजेदार बिहाइंड द शूट वीडियो साझा किया। इस वीडियो क्लिप की शुरुआत में करीना शूटिंग के लिए तैयार होती और अपने वैनिटी वैन से बाहर निकलते नजर आती हैं। इस दौरान वह भूरे रंग के ऑफ-शोल्डर जंपसूट पहने दिखाई देती हैं। इस ड्रेस में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इस दौरान उनका हाव-भाव काफी शानदार नजर आता है। अगले पल में करीना को आदित्य रॉय कपूर का इंटरव्यू लेने के लिए इंतजार करते देखा जा सकता है। इस दौरान वह कहती नजर आती हैं, इसका शॉट लेलो। इसके बाद वह भूमि पेडनेकर के गले लगती भी नजर आती हैं। भूमि भी उनके शो की मेहमानों में से एक हैं। इस पोस्ट के साथ करीना ने ब्रूनो मार्स का मशहूर गाना, अपटाउन फंक भी लगाया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आप सभी ने इसके लिए कहा था। अब जाकर मीम्स बनाएं। व्हाट वीमेन वॉन्ट सीजन 5। करीना के इस पोस्ट पर कई सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी है। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने भी उनके इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने द बेस्ट बताया है। इनके अलावा सबा पटौदी ने भी उनकी पोस्ट पर टिप्पणी की। सबा ने लिखा, आप खतरनाक हैं। छाए हुए हैं। उनके अलावा, अर्जुन कपूर, रिया कपूर और शिखा तलसानिया ने इस पर प्रतिक्रिया दी।

# कृति सेनन ने थाई हाई स्लिग गाउन पहन गिराई बिजली



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कृति सेनन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद आकर्षक तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक ग्रे ऑफ-शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं. कृति के इस लुक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है और उनके किलर पोज ने फैंस को दीवाना बना दिया है. कृति ने अपने इस शानदार लुक के साथ ग्लोइंग मेकअप किया है, जो उनकी खूबसूरती को और भी बढ़ा रहा है. खुले बालों के साथ पहना गया नेकलेस उनके इस लुक को और अधिक आकर्षक बनाता है. कृति सेनन ने यह लुक आईफा पुरस्कार 2024 के लिए अपनाया था, जहां उन्होंने अपने अंदाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और फैंस उनकी स्टाइल और कॉन्फिडेंस की तारीफ कर रहे हैं. हाल ही में, कृति सनोन को फिल्म क्रू में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए आलोचकों की प्रशंसा मिली। एक अभिनेत्री के रूप में उनकी प्रतिभा और बहुमुखी प्रतिभा, उनकी स्टाइल की गहरी समझ के साथ मिलकर, उन्हें मनोरंजन उद्योग में एक प्रिय व्यक्ति बनाती है।

कृति सनोन के आईफा अवार्ड्स लुक ने काफी चर्चा बटोरी है, फैशन के दीवाने और प्रशंसक उनके बोल्ड और एलिगेंट चॉइस की तारीफ कर रहे हैं। अपने अभिनय कौशल और फैशन सेंस से प्रभावित करने के साथ ही, कृति बॉलीवुड में सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली स्टार्स में से एक बनी हुई हैं।

# मां बनने के बाद रणवीर सिंह के इंतजार में दिन काट रही हैं दीपिका पादुकोण



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी मदरहुड जर्नी को एन्जॉय कर रही हैं. दीपिका कुछ दिन पहले ही मां बनी हैं और रणवीर सिंह भी पिता बनने के बाद काफी ज्यादा खुश हैं. दीपिका और रणवीर पेरेंट्स बनने के बाद अपनी बेटी के साथ पूरा टाइम बिता रहे हैं. दीपिका इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर बेटी का ध्यान रख रही हैं, तो रणवीर काम के लिए इवेंट्स में नजर आने लगे हैं. ऐसे में एक्ट्रेस को अपने घर पर पति का इंतजार करना पड़ रहा है. इस बात का जिक्र दीपिका ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में जिक्र किया है. दरअसल, दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना सारा समय घर पर बेटी के साथ ही बिता रही हैं. मां बनने के बाद वह एक बार भी बाहर स्पॉट नहीं हुई हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया के जरिए अपने मूड के बारे में फैंस को मजेदार अंदाज में बताती रहती हैं. हाल ही में दीपिका ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जो मजेदार है. इस वीडियो में एक छोटा सा बच्चा बार बार खिड़की पर जाकर बाहर की ओर देख रहा है. इस वीडियो से साफ है कि वह बच्चा किसी का इंतजार कर रहा है. दीपिका ने इस वीडियो के कैप्शन में बताया है कि जब मेरे पति मुझसे कहे कि मैं 5 बजे घर आऊंगा और जब 5 बजकर 1 मिनट हो जाएं।

# पीके की वजह से धूम 3 के सेट पर आमिर खान ने बोली भोजपुरी



बॉलीवुड इंडस्ट्री के सुपरस्टार आमिर खान ने अपने 3 दशक से ज्यादा के करियर में ज्यादा फिल्में नहीं की हैं. हालांकि, उनकी अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही हैं. आमिर खान को इंडस्ट्री में मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहा जाता है. बॉलीवुड में 100, 200 और 300 करोड़ी फिल्मों का क्लब बनाने वाले आमिर खान को लेकर एक किस्सा काफी मशहूर है जिसे सुनकर आपको पक्का हंसी आने वाली है. दरअसल, आमिर खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धूम 3 के शूटिंग के दौरान अचानक भोजपुरी बोलने लगे. ये देखकर शूटिंग सेट पर सभी लोग हैरान रहे गए. फिर आमिर खान को एहसास हुआ कि वह भोजपुरी बोल रहे हैं. आइए जानते हैं कि ये दिलचस्प किस्सा क्या है. एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के एक्टर आमिर खान की फिल्म धूम 3 साल 2013 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा एक किस्सा आमिर खान ने एक इंटरव्यू में बताया था. आमिर खान ने बताया, करीब 12 साल बाद मैंने एक साथ दो फिल्में की थीं. जिसके चलते मुझे शूटिंग पर कनफ्यूजन होता था. मैंने 45 दिनों तक पीके का पहला शेड्यूल किया था. फिर जिस दिन शूटिंग खत्म हुई, उसके अगले दिन मैं धूम 3 का क्लाइमैक्स शूट करने के लिए स्विटजरलैंड जा रहा था।



# अनन्या के काम से मिली उनकी गर्ल गैंग को सीख, बोलीं- उन्हें पता है चीजों से कैसे करना है डील

अभिनेत्री अनन्या पांडे अक्सर अपनी बचपन को दोस्त सुहाना खान और शनाया कपूर के साथ देखी जाती हैं। वह दोनों सोशल मीडिया पर अक्सर फोटो भी शेयर करती रहती हैं। अपनी दोस्तों को लेकर अनन्या पांडे अब एक नया खुलासा करते हुए अपनी दोस्त के करियर को लेकर खुलासा किया है। अनन्या ने कहा कि हमारी गर्ल गैंग को पहले से पता है कि मीडिया के साथ कैसे डील करनी है। अनन्या पांडे ने कहा कि उनकी दोस्त जो अब करियर शुरू कर रही हैं या करने वाली हैं, उनके लिए मेरी बॉलीवुड की जर्नी काफी सहायक साबित हो सकती है। अनन्या ने कहा, %सभी की यात्रा अलग होती है। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने सही समय पर ये शुरू कर दिया। मुझे ऐसा लगता है कि मेरे दोस्त 24-25 साल की उम्र में इसकी शुरुआत कर रहे हैं, वे अपनी ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि मीडिया के साथ डील कैसे करना है।



# तो इस वजह से 6 साल से घर में बैठी हैं तनुश्री दत्ता

बॉलीवुड अदाकारा तनुश्री दत्ता इंडस्ट्री से लगभग गायब हो चुकी हैं. तनुश्री दत्ता के पास फिलहाल कोई काम नहीं है. मीटू के आरोप लगाने के बाद तनुश्री दत्ता को काम ही मिलना बंद हो गया. अब जाकर तनुश्री दत्ता ने अपने बर्बाद करियर को लेकर चुप्पी तोड़ दी है. एक इंटरव्यू में बात करते हुए तनुश्री दत्ता ने खुलासा किया है कि उनको मीटू के आरोपियों ने काम देने की कोशिश की थी. ऐसे में तनुश्री दत्ता ने उनके साथ काम करने से ही इनकार कर दिया. तनुश्री दत्ता ने बताया, %साल 2018 में मेरे पास एक फिल्म का ऑफर आया था. ये फिल्म मीटू के एक आरोपी के लिए बननी थी. इस फिल्म में काम करने के लिए मुझे अप्रोच किया गया क्योंकि ये शख्स अपनी इमेज चमकाना चाहता था. आगे तनुश्री दत्ता ने कहा, जैसे ही मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला वैसे ही मैंने इसे रिजेक्ट कर दिया. मैं लोगों को गलत मैसेज नहीं देना चाहती थी क्योंकि उस प्रोड्यूसर पर मीटू के आरोप लगे थे. हालांकि हर एक्टर को थोड़ा त्याग करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए. इस बार मैं झुकने के लिए राजी नहीं थी. मैंने हाथ आए ऑफर को मना कर दिया. इस फिल्म को मना करने की वजह से मेरा बहुत नुकसान हुआ है. बीते 6 महीने से मेरे पास कोई काम नहीं है. अब मैं केवल इवेंट्स का हिस्सा बनती हूं.

प्रतिदिन राजधानी
बुधवार 2, अक्टूबर 2024

Sports News

## दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी डिकेम्बे मुटोम्बो का 58 वर्ष की आयु में निधन

**एजेंसी, किंशासा ।** एनबीए के वैश्विक राजदूत और नाइस्मिथ बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेमर डिकेम्बे मुटोम्बो, जिनका जन्म डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हुआ था, का सोमवार को 58 साल की उम्र में मस्तिष्क कैंसर से निधन हो गया। एनबीए ने सोमवार को उक्त घोषणा की। एनबीए कमिश्नर एडम सिल्वर ने एक बयान में कहा, डिकेम्बे मुटोम्बो जीवन से भी बड़े थे। कोर्ट पर, वह एनबीए में सबसे महान शॉट अवरोधक और रक्षात्मक खिलाड़ियों में से एक थे। मैदान से बाहर, उन्होंने दूसरों की मदद करने में अपना दिल और आत्मा लगा दी। मुटोम्बो को बास्केटबॉल के सबसे सम्मानित रक्षात्मक खिलाड़ियों और रिबाउंडर्स में से एक माना जाता है। उन्हें चार बार एनबीए का वर्ष का रक्षात्मक खिलाड़ी नामित किया गया, यह रिकॉर्ड उन्होंने बेन वालेस के साथ साझा किया है। मुटोम्बो 3,298 ब्लॉक और 12,359 रिबाउंड जमा करने और आठ ऑल-स्टार प्रदर्शन करने के बाद 2009 में सेवानिवृत्त हो गए। उस वर्ष बाद में, उन्हें तत्कालीन आयुक्त डेविड स्टर्न द्वारा एनबीए के लिए वैश्विक राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था। 2015 में, मुटोम्बो को नाइस्मिथ मेमोरियल बास्केटबॉल हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल किया गया था। ह्यूस्टन रॉकेट्स के पूर्व स्टार को दुनिया भर में उनके मानवीय कार्यों के लिए खेल से परे भी बहुत सम्मान दिया गया था। मुटोम्बो ने धर्मार्थ कार्यों में लाखों डॉलर का निवेश किया है, जिसमें हजारों लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच में सुधार के लिए डीआरसी में एक अस्पताल का निर्माण भी शामिल है।

## ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब फ्लेमेंगो ने मुख्य कोच टिटे से नाता तोड़ा

**रियो डी जनेरियो ।** ब्राजील के पूर्व मुख्य कोच टिटे को ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब फ्लेमेंगो ने सोमवार को बर्खास्त कर दिया। क्लब ने एक बयान में कहा कि 63 वर्षीय खिलाड़ी की जगह साल के अंत तक पूर्व एटलेटिको मैड्रिड, चेल्सी और फ्लेमेंगो के डिफेंडर फिलिप लुइस लेंगे। यह घोषणा ब्राज़ील की सीरी ए चैंपियनशिप में फ्लेमेंगो की एथलेटिको पैरानेंस पर 1-0 की घरेलू जीत के एक दिन से भी कम समय बाद आई। पिछले गुरुवार को, फ्लेमेंगो को कोपा लिबर्टाडोरेस - दक्षिण अमेरिका की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता - से क्वार्टर फाइनल चरण में उरुग्वे के पेनारोल द्वारा बाहर कर दिया गया था। फ्लेमेंगो वर्तमान में 20-टीम ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है, और सीज़न में 10 गेम शेष रहते हुए शीर्ष पर चल रहे बोटाफ़ोगो से नौ अंक पीछे है। टिटे, जो 2016 से 2022 तक ब्राजील के मैनेजर थे, ने पिछले साल अक्टूबर में अपनी नियुक्ति के बाद फ्लेमेंगो को 41 जीत, 13 ड्रॉ और 16 हार दिलाई।

## डबल्यूटीसी पॉइंट टेबल 2023-25: भारत शीर्ष पर बरकरार

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज जीतने के बाद भारत ने 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण ढाई दिन से अधिक समय गंवाने के बावजूद, भारत की आक्रामक रणनीति के कारण कानपुर में दूसरे टेस्ट में प्रभावशाली जीत हुई।इस जीत से भारत को अतिरिक्त 12 अंक मिले, जिससे 11 मैचों के बाद उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) बढ़कर 74.24 हो गया, जो ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका दोनों से काफी आगे है।इसके विपरीत, बांग्लादेश की चक्र की पांचवीं हार उन्हें 34.38 के पीसीटी के साथ स्टैंडिंग में सातवें स्थान पर ले गई।इंग्लैंड 16 मैचों में 8 जीत 7 हार और 1 ड्रा के साथ चौथे स्थान पर है।

# कानपुर टेस्ट :कोच ने रोहित शर्मा की जमकर तारीफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का खेल हो। अगले दिन खेल ही न हो पाए। ऐसी स्थिति में टीम टेस्ट मैच जीत जाए वो भी एक सेशन रहते हुए। टेस्ट मैच में ऐसे मौके बहुत कम ही होते हैं जब इस तरह से कोई टीम मैच जीते। टीम इंडिया ने ये अविश्वसनीय काम कर दिखाया और बांग्लादेश को कानपुर टेस्ट मैच में मात दी। ये सब कुछ संभव हो सका टीम के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा लगाए गए दो छक्कों की बदौलत। भारत ने कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की। पहले दिन सिर्फ 35 ओवरों का खेल ही हो सका था। बांग्लादेश ने तीन विकेट खोकर 107 रन ही बनाए थे। पहले दिन खराब रोशनी के कारण पूरा खेल नहीं हो सका। दूसरे दिन बारिश ने कारण एक ही गेंद फेंकी नहीं जा सकी। तीसरे दिन खराब आउटफील्ड के कारण बिना एक भी गेंद फेंक दिन का खेल रद्द कर दिया गया। चौथे दिन जब मैच शुरू हुआ तो भारत ने बांग्लादेश को 233 रनों पर समेट दिया। इसके बाद दिन के दूसरे सेशन में भारत बल्लेबाजी करने उतरे और टीम इंडिया ने तूफानी बैटिंग कर सभी को हैरान कर दिया। टीम की बल्लेबाजी देख लग रहा था की ये टेस्ट मैच नहीं टी20 चल रहा है। रोहित ने दूसरे ओवर में पहली बार स्ट्राइक ली थी और खलीद अहमद की शुरुआती दो गेंदों पर दो छक्के मार दिए थे।

यहां से बांग्लादेश की टीम को पता चल गया था कि टीम इंडिया के इरादे क्या हैं। रोहित के इन दो छक्कों ने तूफानी बैटिंग का मंच सेट कर दिया था और फिर टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। रोहित के छक्के मैच का रुख मोड़ने वाले साबित हुए। भारतीय कप्तान 11 गेंदों पर 23 रन ही बनाकर आउट हो गए,लेकिन उनकी पारी ने बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल मैच को भारत की तरफमोड़ने का काम किया। मैच जीतने के बाद टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने भी रोहित की बैटिंग और कप्तानी की तारीफ की। नायर ने कहा, मैदान पर जाकर यशस्वी और रोहित ने जिस तरह की बल्लेबाजी की जिससे ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। हर किसी को लगने लगा कि वो अटैकिंग खेल खेल सकता है। यहां पर रोहित शर्मा को काफी क्रेडिट मिलना चाहिए क्योंकि ये रोहित शर्मा की सोच थी कि हम ऐसा खेलेंगे। चाहे बल्लेबाजी हो, चाहे गेंदबाजी हो, रोहित शर्मा की सोच काफी आक्रामक रही है।



## आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024: बांग्लादेश और श्रीलंका ने दर्ज की जीत



दुबई, । बांग्लादेश और श्रीलंका ने क्रमश: पाकिस्तान और स्कॉटलैंड पर जीत के साथ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी तैयारी पूरी की। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 23 रन से हराया पाकिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शोर्ना अख्तर के नाबाद 28 और शांति रानी के 23 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 140 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल ने 2 विकेट लिए। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 18.4 ओवर में 117 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए ओमैमा सोहेल ने सर्वाधिक 33 और फातिमा सना ने 17 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मारूफा अख्तर और शोर्ना अख्तर ने 2-2 विकेट लिए। श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

एक अन्य मैच में श्रीलंका ने गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के पहले गेंदबाजी करता हुए 19 ओवर में स्कॉटलैंड को केवल 58 रन पर समेट दिया। हालांकि 59 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत भी खराब रही, लेकिन कविशा दिलहारी के 27 रन की बदौलत लंकन टीम ने 15.3 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। 3 अक्टूबर को प्रतियोगिता शुरू होने से पहले आज तीन और अभ्यास मैच खेले जाएंगे।

# महिला टी20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम ने किया सुधार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम की आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा सुधार हुआ है। वेयरहैम ने हाल ही में घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के अंतिम मैच में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर सभी तीन रैंकिंग श्रेणियों में बड़ी बढ़त हासिल की है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से पहले यह उनकी बड़ी उपलब्धि है। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने ब्रिस्बेन में कीवी टीम के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में प्लेयर ऑफद मैच का पुरस्कार जीता था। उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था और उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों पर 26 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने 21 रन देकर 2 विकेट भी चटकाए थे।



ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर यह श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की थी।

वेयरहैम को इस प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11 स्थान की बढ़त के साथ 101वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली, जबकि दाएं हाथ की यह गेंदबाज गेंदबाजों की सूची में छह स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर और ऑलराउंडरों की सूची में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ऑलराउंडरों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं, उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 51 रन और चार विकेट के लिए प्लेयर ऑफद सीरीज चुना गया था।

ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में आकर्षक प्रदर्शन नहीं किया, उसके बावजूद उन्होंने बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि उनकी टीम की साथी फोबे लिचफील्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 77 रन बनाने के दम पर दो स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया के हाथों 3-0 से करारी हार के बावजूद न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर मेलिया केर तीन स्थान के फायदे से टी-20 बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं और उनकी टीम की साथी मैडी ग्रीन भी इसी श्रेणी में तीन स्थान के सुधार के साथ समान 46वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो रही है। यह टूर्नामेंट 20 अक्टूबर तक दुबई में खेला जाएगा।

## संदीप प्रधान ने साई के महानिदेशक का पद छोड़ा; सुजाता चतुर्वेदी अंतरिम आधार पर संभालेंगी कार्यभार



**एजेंसी, नई दिल्ली, ।** संदीप प्रधान अपना कार्यकाल पूरा होने पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक का पद छोड़ देंगे और खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी अंतरिम आधार पर उनकी भूमिका संभालेंगी। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। खेल मंत्रालय के आधिकारिक आदेश के अनुसार, 30.09.2024 को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक के पद के लिए संदीप एम. प्रधान का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल पूरा होने के परिणामस्वरूप, सक्षम प्राधिकारी ने श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, सचिव (खेल) को भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने की मंजूरी दे दी है। दिनांक 01.07.2019 से 01.10.2024, और नियमित पदधारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, चतुर्वेदी पद पर बनी रहेंगी। 1990 बैच के भारतीय राजस्व अधिकारी प्रधान ने अगस्त 2019 में नीलम कपूर से महानिदेशक का पदभार संभाला था, जिसके तहत भारत ने क्रमश: टोक्यो और पेरिस में दो सफल ओलंपिक और पैरालंपिक चक्र देखे। 2020 ओलंपिक में, भारत ने पुरुषों की भाला फेंक में नीरज चोपड़ा के माध्यम से ट्रैक-एंड-फील्ड में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि देश ने खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात पदक अपने नाम किए।

## वैभव सूर्यवंशी ने 58 गेंदों पर जड़ा ऐतिहासिक शतक



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अंडर-19 टीम के बैटर वैभव सूर्यावंशी ने सबसे तेज शतक जड़ दिया है। अंडर-19 टीम के 4 दिनी मैच में वैभव ने 58 गेंदों का सामना करते हुए बल्ले से तहलका मचाया और कंगारू टीम को खूब परेशान किया। बिहार से आने वाले वैभव सूर्यवंशी की उम्र महज 13 साल है और इतनी कम उम्र में उन्होंने अंडर 19 टेस्ट की अपनी पहली पारी में शतक जड़कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा दिया है। वैभव ने 58 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अपनी सेंचुरी पूरी की और इसी के साथ कई रिकॉर्ड्स ध्वस्त किए। दरअसल, वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 4 दिनी मैच में भारतीय पारी का आगाज किया। सूर्यावंशी जिनकी उम्र 13 साल और 187 दिन है और इस उम्र में उन्होंने बड़ा मुकाम हासिल किया। वैभव ने कुल 64 गेंदों का सामना कर 104 रन बनाए और उनकी पारी में 14 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाई और वह ऐसा करने वाले सबसे युवा भारतीय बैटर बन गए हैं। वहीं वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस मामले में वो दूसरे नंबर पर हैं। अंडर 19 टेस्ट में वैभव से तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज इंग्लैंड के मोईन अली हैं। मोईन ने 2005 में 56 गेंदों पर ये कारनामा किया था।

वैभव ने पेशेवर क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। शांतो सिर्फ 14 साल और 241 दिन के थे जब उन्होंने 2013 में श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ एकदिवसीय मैच में शतक बनाया था। बाबर आजम वैभव सूर्यवंशी और नजमुल हुसैन शांतो के बाद तीसरे सबसे कम उम्र के प्लेयर हैं, जिन्होंने यह कारनामा किया।अगर बात करें मैच की तो ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिए गए 294 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत अंडर-19 की टीम के वैभव ने धमाकेदार शतक जड़ा, जिसमें 14 चौके और 4 छक्के शामिल हे। बता दें कि सूर्यवंशी समस्तीपुर के रहने वाले हैं और वह यूथ 19 टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान का 6 अक्टूबर होगा सामना ?

**एजेंसी, नईदिल्ली**

वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत 3 अक्टूबर से होने वाली है. ये टूर्नामेंट यूएई के मैदानों पर खेला जाएगा. जहां, टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ 4 अक्टूबर को खेलेगी. वहीं, भारत दूसरे मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम से भिड़ेगी. तो आइए आपको आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2024 का पूरा शेड्यूल बताते हैं कि कब, कौन सी टीम किससे भिड़ने वाली है. आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 को आईसीसी ने तब यूएई में शिफ्ट करने का फैसला कर लिया, जब बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट के बाद हालात खराब हो गए. टूर्नामेंट 3 अक्टूबर से शुरू होने वाला है. टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं, जिसमें टीम इंडिया ग्रुप-ए का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान सहित, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की टीमें भी शामिल हैं. भारत- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा सोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन ट्रैवलिंग रिजर्व- उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवेर और साइमा ठाकुर

नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व- राघवी बिस्ट, प्रिया मिश्रा 3 अक्टूबर, गुरुवार, बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे 3 अक्टूबर, गुरुवार, पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, शारजाह, शाम 6 बजे 4 अक्टूबर, शुक्रवार, दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, दुबई, दोपहर 2 बजे 4 अक्टूबर, शुक्रवार, भारत बनाम न्यूजीलैंड, दुबई, शाम 6 बजे

5 अक्टूबर, शनिवार, बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड, शारजाह, दोपहर 2 बजे

5 अक्टूबर, शनिवार, ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका, शारजाह, शाम 6 बजे

6 अक्टूबर, रविवार, भारत बनाम पाकिस्तान, दुबई, दोपहर 2 बजे

6 अक्टूबर, रविवार, वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड, दुबई, शाम 6 बजे

7 अक्टूबर, सोमवार, इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह, शाम 6 बजे

# भारतीय खो खो महासंघ ने एथलीटों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लिया खेल विज्ञान का सहारा

**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) ने खो खो के पारंपरिक खेल में खेल विज्ञान को एकीकृत करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो खिलाड़ी के प्रदर्शन को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धी बढ़त सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव है।उन्नत खेल विज्ञान तकनीकों के समावेश का उद्देश्य इस स्वदेशी खेल को परिष्कृत और उन्नत करना है, जिससे यह वास्तव में विश्व स्तरीय बन सके। यह परिवर्तन खो खो के मिट्टी से शुरू होकर खेल के आधुनिक, मैट-आधारित संस्करण तक के विकास का हिस्सा है। नवाचार के प्रति फेडरेशन की प्रतिबद्धता खो-खो को अंतरराष्ट्रीय और लोकप्रिय बनाने, इसकी समृद्ध विरासत को संरक्षित करते हुए इसे वैश्विक खेल मानकों के अनुरूप लाने की दृष्टि को दर्शाती है।एथलीट विकास के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण फिजियोलॉजी, मनोविज्ञान और पोषण की त्रिमूर्ति पर केंद्रित है, जो प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए एक व्यापक विधि प्रदान करता है। व्यक्तिगत, संतुलित पोषण योजनाओं के साथ-साथ नियमित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन के माध्यम से शारीरिक और मानसिक कल्याण पर समान जोर दिया जाता है। चपलता और सहनशक्ति को मापने के लिए, बायोमैकेनिक्स और मोशन साइंस में निहित विशिष्ट परीक्षण आयोजित किए जाते हैं, जिसमें मांसपेशियों की गतिविधि पर नजर रखने और हर गतिविधि को परिष्कृत करने के लिए मोशन कैप्चर सूट और सेंसर डेटा विश्लेषण जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है। यह वैज्ञानिक फोकस प्रत्येक एथलीट के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ ताकत बनाने से भी आगे जाता है। इसके अतिरिक्त, मानसिक दृढ़ता, भावनात्मक लचीलापन और तनाव प्रबंधन का आकलन करने के लिए मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन नियमित रूप से किया जाता है। इसके अलावा, केकेएफआई एक खो खो ऐप लॉन्च करने के लिए तैयार है जो एक व्यापक खेल प्रबंधन प्रणाली के रूप में काम करेगा। ऐप में चार प्रमुख मॉड्यूल होंगे: इवेंट मैनेजमेंट, सूचना प्रणाली, समाचार सेवा, और समय, स्कोरिंग और परिणाम प्रबंधन। यह डिजिटल टूल एथलीटों के लिए डेटा मॉनिटरिंग और प्रदर्शन ट्रैकिंग को और बढ़ाएगा। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने खेल के इस नए दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए कहा, खो खो वास्तव में एक आधुनिक अंतरराष्ट्रीय खेल है, जिसमें वैश्विक स्वीकृति के लिए आवश्यक सभी तत्व मौजूद हैं। उन्नत मूल्यांकन और लक्षित रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से, अब हम खेल को विश्व स्तरीय मानकों तक बढ़ा रहे हैं। खो खो अब अतीत का अवशेष नहीं है, बल्कि यह भविष्य का खेल है। महासंघ के महासचिव, एमएस त्यागी ने खो खो को आधुनिक बनाने की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, हमने खेल को बदलने और खो खो के बारे में सार्वजनिक धारणा को बदलने के लिए अत्याधुनिक उपकरण और प्रौद्योगिकी को शामिल करने का भी निर्णय लिया है।

# हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए खेलेगी चेन्नइयन एफसी

हैदराबाद। हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच आज शाम गाचीबोवली स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के मैचवीक 4 की शुरुआत होगी। हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले मैच पंजाब एफसी के खिलाफ 0-2 से हारने से पहले जुझारूपन दिखाया था, जबकि चेन्नइयन एफसी पिछले गुरुवार को मोहम्मडन एससी से 0-1 से हार गई थी।

चेन्नइयन एफसी के खिलाफ हैदराबाद एफसी रक्षात्मक रूप से सुदृढ़ रही है। उसने चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले आठ आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में एक या उससे कम गोल खाए हैं। इस दौरान उसने चार मैच जीते हैं और केवल दो बार हारे हैं। चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले चार अवे मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। इससे पता चलता है कि वे हैदराबाद एफसी की बैकलाइन की परीक्षा लेंगे।



हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो पिछले सीजन से प्रेरणा ले रहे हैं, जब उनकी टीम ने चेन्नइयन एफसी को हराया था। सिंग्टो ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, ट्रेनिंग के पिछले कुछ हफ्तों में लड़के एक-दूसरे के साथ घुलमिल गए हैं। हमने अब तक केवल अवे मैच खेले हैं और हमारा अगला मुकाबला घर पर होगा। चेन्नइयन एफसी एकमात्र टीम थी जिसे हमने पिछले सीजन में हराया था। क्या हम उसे फिर से हराएंगे? मैं यही चाहता हूं। चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल के अनुसार टीम ने इस बार पिछले सीजन से बेहतर शुरुआत की है, लेकिन अभी भी सुधार की काफी गुंजाइश है। कॉयल ने कहा, मैं निश्चित रूप से छह अंकों के साथ तालिका में आगे बढ़ना पसंद करूंगा। हमारे पास तीन हैं, जो पिछले साल की तुलना में बेहतर है लेकिन हम छह अंकों तक पहुंच सकते थे। हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच आईएसएल में 10 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से दोनों ने चार-चार

# आईसीआईसीआई बैंक का फेस्टिव बोनान्ज़ा बड़े ब्रांड व ई-कॉमर्स पोर्टल पर आकर्षक डील के साथ धूम मचाने फिर आया वापस




**एजेंसी, मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक का सालाना फेस्टिव बोनान्ज़ा इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन, आभूषण, फर्नीचर, यात्रा, ई–कॉमर्स और डाइनिंग जैसे बड़े ब्रांड पर आकर्षक डील के साथ वापस आ गया है। बैंक के ग्राहक अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कार्डलेस ईएमआई और कंज्यूमर फाइनेंस का उपयोग करके इन ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं और ?40,000 तक की छूट पा सकते हैं। वे अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करके नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठाने का विकल्प भी चुन सकते हैं।

बैंक आईफ़ोन 16 और एपल के अन्य उत्पादों पर विशेष डील प्रदान करता है। आईफ़ोन 16 की खरीद पर, ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड और अपने क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से की गई ईएमआई खरीद पर ?5,000 तक का तत्काल कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को विशेष रूप से एपल के 'आईफ़ोन फॉर लाइफ' प्रोग्राम के लिए रजिस्टर करने का विकल्प मिलता है। यह उन्हें चुनिंदा आईफ़ोन मॉडलों के लिए 2,497 रुपये से शुरू होने वाली 24 महीने की ब्याज मुक्त किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देता है और अगले आईफ़ोन में अपग्रेड करने पर मौजूदा आईफ़ोन के लिए गारंटीड बायबैक विकल्प प्रदान करता है।

मिंत्रा के बिग फैशन फेस्टिवल में ग्राहक विशेष ऑफर पाने के पात्र हैं। इसके अलावा, वे बैंक से होम लोन, कार लोन, टू–व्हीलर लोन और एजुकेशन लोन पर विशेष ऑफर का आनंद ले सकते हैं।

इसके अलावा, वे बैंक से होम लोन, कार लोन, टू–व्हीलर लोन और एजुकेशन लोन पर विशेष ऑफ़र का आनंद ले सकते हैं। फेस्टिव बोनान्ज़ा की लॉन्चिंग पर बोलते हुए आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राकेश झा ने कहा, ''हम अपने ग्राहकों के लिए कई तरह के डिस्काउंट, ऑफ़र और कैशबैक के साथ 'फेस्टिव बोनान्ज़ा' वापस लाकर खुश हैं। विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों के साथ साझेदारी करके, हमने अपने ग्राहकों के लिए त्यौहारी सीज़न के दौरान इन आकर्षक ऑफ़र और छूटों को तैयार किया है, ताकि वे अपनी त्यौहारी खरीदारी का अधिकतम लाभ उठा सकें। इन डील्स का लाभ आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कंज्यूमर फाइनेंस और कार्डलेस ईएमआई के ज़रिए उठाया जा सकता है।''

उन्होंने आगे कहा, ''हमें होम लोन, कार लोन, टू–व्हीलर लोन और एजुकेशन लोन पर विशेष त्यौहारी ऑफ़र की घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है। हमारा मानना है कि ये ऑफ़र हमारे ग्राहकों के लिए त्यौहारी सीज़न को और भी मज़ेदार और फ़ायदेमंद बना देंगे।''

**फेस्टिव बोनान्ज़ा के मुख्य ऑफ़र में शामिल हैं–**

**मोबाइल फ़ोन–** आईफ़ोन 16 पर ?5,000 तक का कैशबैक। वनप्लस, गूगल पिक्सल, श्याओमी, रीयलमी, ओप्पो और अन्य मोबाइल पर आकर्षक छूट और ईएमआई ऑफ़र।

**इलेक्ट्रॉनिक्स–** एलजी, सैमसंग, सोनी, हायर, आईएफ़बी, यूरेका फोर्ब्स और कई अन्य विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडों पर ?40,000 तक की छूट। बोस के स्पीकर पर ?5,000 तक की छूट और जेबीएल के चुनिंदा उत्पादों पर 15 प्रतिशत या ?8,000 तक की छूट। ग्राहक क्रोमा और रिलायंस डिजिटल पर आकर्षक छूट का लाभ भी उठा सकते हैं।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नवीन मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780, 90, फैक्स: 0771-72227395, ई-मेल :- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 44/यो.शाखा/ न.पा.नि./24 रायपुर, दिनांक 01/10/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अनुसार सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के माध्यम से सीलबंद निविदा (पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित) अनुसार एस.ओ.आर. आयटम हेतु फार्म "A" में कम या अधिक दर पर दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 21.10.2024 को अपरांह 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर योजना शाखा से दिनांक 18.10.2024 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 21.10.2024 को अपरांह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकार / उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन के बाह्य दिवालों पर पेंटिंग कार्य हेतु। | 9,19,694 | 10,000/- | 750/- | डी एवं अधिक (नये पंजीयन नियम के अनुसार) | एक माह |

**नियम शर्ते :–**

**1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।**

**2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर. अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।**

**3. निविदाकार का जीवित पंजीयन एवं इससे संबंधित समस्त दस्तावेज निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।**

**4. लिफाफा (अ) में अमानती राशि एवं लिफाफा (ब) में वित्तीय आफर।**

**5. निविदा संबंधी शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं दिवस में योजना शाखा से प्राप्त की जा सकती है।**

**6. किसी की निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।**

**कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
रायपुर छ.ग.**


# अमेजन.ईन पर त्योहार और जुड़ी जरूरी चीजों के साथ नवरात्रि स्टोर लाइव हुआ




**एजेंसी, बेंगलुरु।** इस साल Amazon.in का नवरात्रि स्टोर ग्राहकों को अब तक का सबसे बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव प्रदान कर रहा है। इस नवरात्रि स्टोर पर हमारे ग्राहकों को अपने प्रियजनों के लिए कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, गैजेट्स और उपहारों का शानदार कलेक्शन देखने को मिलेगा। इसके साथ ही मैंबर्स को अमेजन पर सुविधाजनक शॉपिंग का बेजोड़ अनुभव भी प्राप्त होगा। ग्राहक यहां से एथनिक कपड़ों, अप्लायंसेस, होम डेकोर, फैशन, ब्यूटी प्रोडक्ट आदि जैसे जरूरी सामानों के विशाल संग्रह में से अपने लिए शानदार प्रोडक्ट चुन सकते हैं। यह स्टोर 12 अक्टूबर 2024 तक खुला रहेगा। इस स्टोर को कैसियो, बॉडीशॉप, रियलमी, बोट, सैमसंग, अमेजन इकोडॉट, एलजी, टाटा, कैडबरी, टाइटन आदि जैसे ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांडों की फेस्टिव शॉपिंग को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए खासतौर पर तैयार किया गया है।

# सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने 1:10 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

**एजेंसी, मुंबई।** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जो कि रासायनिक और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप–विभाजन / स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत 1 शेयर को विभाजित कर 10 शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जो कि शेयरधारकों की मंजूरी और अन्य आवश्यक अनुमोदनों पर निर्भर है।

हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मेवन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की फार्मास्युटिकल्स, स्वास्थ्य संबंधी, आयुर्वेदिक और आहार अनुपूरक उत्पादों का निर्माण, फॉर्मूलेशन, प्रोसेसिंग, विकास, परिष्करण, आयात और निर्यात करना है, इसके अलावा विविध अन्य उत्पाद भी शामिल हैं। इससे पहले, जुलाई महीने में, कंपनी ने अपने प्रमोटरों को परिवर्तनीय वारंट्स के जारी करके धन जुटाने की मंजूरी दी थी। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड रासायनिक और फार्मास्युटिकल उद्योग में एक प्रमुख नाम बन गया है। इसके प्रमोटर्स, श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास सामूहिक रूप से 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है, के नेतृत्व में सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी है। उनकी दृष्टि ने कंपनी को एक एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी के रूप में विकसित करने में मदद की है और कंपनी को नवाचार और विश्वसनीयता के लिए ख्याति दिलाई है।

सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत है, जिसमें फार्मास्युटिकल और रासायनिक उद्योग शामिल हैं, विशेष रूप से उन रसायनों और इंटरमीडिएट्स पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जिनका उपयोग फार्मास्युटिकल्स, पेंट्स, खाद्य उत्पादों और चिपकने वाले पदार्थों में होता है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है और वर्तमान में च, ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान, सीरिया, ओमान, ताइवान और MENA क्षेत्र में उत्पाद निर्यात करती है।

अपने मुख्य कार्यों के अलावा, सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड अनुबंध निर्माण, आउटसोर्सिंग और सामान्य फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशंस की आपूर्ति स्वास्थ्य संस्थानों, सरकारों, एनजीओ और अस्पतालों को भी करती है। कंपनी का अपना वितरण नेटवर्क और बिक्री बल भी है, जो घरेलू और वैश्विक बाजारों में अपनी फार्मास्युटिकल उत्पादों का नैतिक विपणन सुनिश्चित करता है। यूरोप और खाड़ी देशों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में नियमित भागीदारी के साथ, सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपनी वैश्विक उपस्थिति को लगातार मजबूत कर रही है। नवाचार और मूल्य निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, कंपनी रासायनिक उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने और लंबे समय में फॉर्च्यून 500 कंपनियों में शामिल होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

# टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 19फीसदी घटी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स लिमिटेड के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री वित्त वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में 19 प्रतिशत घट गई। वहीं यात्री वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। कंपनी ने कुल 2,15,034 वाहनों की बिक्री की सूचना दी है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान बेची गई 2,43,024 इकाइयों की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। बिक्री में गिरावट का कारण वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन दोनों खंडों में खराब प्रदर्शन रहा है।

घरेलू बाजार की बात करें तो टाटा मोटर्स ने सितंबर 2024 में 69,694 वाहन बेचे। यह आंकड़ा सितंबर 2023 की तुलना में 15 प्रतिशत कम है। वित्तीय वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में घरेलू स्तर पर टाटा मोटर्स की ओर से बेचे जाने वाले वाहनों की कुल संख्या 2,09,861 रही। यह पिछले वित्त वर्ष में की दूसरी तिमाही में बेची गई 2,37,128 गाड़ियों की तुलना में 11 प्रतिशत कम है।

कंपनी के लिए वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही कमर्शियल वाहनों (वाणिज्यिक वाहनों) की श्रेणी के लिए सबसे अधिक एक चुनौतीपूर्ण रहा। पिछले साल की उक्त तिमाही में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 1,04,085 था, जो इस बार घटकर 84,281 रह गया।

घरेलू स्तर पर कमर्शियल वाहनों की बिक्री सितंबर 2023 की तुलना में 23 प्रतिशत गिरकर 28,631 इकाई हो गई। यह आंकड़ा बाजार में कंपनी के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति को दर्शाता है। भारी वाणिज्यिक वाहन की श्रेणी में कंपनी को बड़ा झटका लगा है। इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने उक्त श्रेणी में 22,904 वाहन बेचे जो पिछले वर्ष की तुलना में 25ब कम है। माना जा रहा है कि यह गिरावट बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में मंदी, खनन गतिविधियों में कमी और भारी मानसून के कारण दर्ज की गई।

इसी तरह, मध्यवर्ती और हल्के वाणिज्यिक वाहनों (ढ्ढरुस्ष्ट्ठ)की बिक्री में भी 11 प्रतिशत की कमी आई। दूसरी तिमाही के दौरान इस श्रेणी के 14,693 वाहन बेचे गए। छोटे वाणिज्यिक वाहनों (स्ष्ट्ठ) और पिकअप सेगमेंट में भी कंपनी की बिक्री में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस श्रेणी में चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान कुल 31,399 इकाइयां बिकीं। इसके विपरीत, दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी के पैसेंजर सेगमेंट के वाणिज्यिक वाहन व्यवसाय ने लचीलापन दिखाया। मांग में बढ़ोतरी होने से इस सेगमेंट में कुल बिक्री 3 प्रतिशत बढ़कर 10,935 इकाई हो गई। टाटा मोटर्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा, 卐बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं के निष्पादन में मंदी, खनन गतिविधि में कमी और भारी बारिश के कारण मांग में कमी आई जिसके परिणामस्वरूप एचसीवी सेगमेंट में स्नङ्क25 की दूसरी तिमाही में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, आईएलएमसीवी (इंटरमीडिएट और लाइट कमर्शियल व्हीकल) सेगमेंट में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 की सबसे विशाल शुरुआत




**एजेंसी, बेंगलुरु।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 27 सितंबर सेप्राइम सदस्यों के लिए 24 घंटे की अर्ली एक्सेस के साथ शुरू हुआ, ने Amazon.in पर अपने विक्रेताओं और ब्रांड पार्टनर्स के लिए सबसे बड़ीशुरुआत देखी है। देशभर के लाखों ग्राहकों को खुशी प्रदान करते हुए, अमेजनग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के पहले 48 घंटे अब तक के सबसे बेहतरीन रहे, जिसमें लगभग 11 करोड़ ग्राहक विज़िट्स और 8,000 से अधिक विक्रेताओं ने1 लाख रुपये से अधिक की बिक्री की। ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, फैशन औरब्यूटी, होम डेकोर, उपकरण, फर्नीचर, स्मार्टफोन और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में25,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च का एक्सेस मिला।

अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष – कैटेगरीज सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, अमेजनग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के पहले 48 घंटे ऐतिहासिक रहे हैं और Amazon.in के लिए अब तक के सबसे बेहतरीन हैं! हमें रिकॉर्ड 11 करोड़ग्राहक विज़िट्स के साथ सबसे बड़ा उद्घाटन देखने की खुशी है, और प्राइमसदस्यों की संख्या ने पीईए के दौरान उच्चतम स्तर को छुआ। हमने भारत भरमें विक्रेताओं की भारी भागीदारी भी देखी, जिसमें छोटे और मध्यम व्यवसायशामिल थे, और हजारों विक्रेता पहले 48 घंटों में लखपति बन गए। हम अपनेमहीने भर चलने वाले अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल की इस उत्साहजनकशुरुआत को लेकर उत्साहित हैं और हमारे विक्रेताओं, ब्रांड पार्टनर्स, डिलीवरीसहयोगियों और टीमों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने भारत भर में हमारे ग्राहकोंके लिए त्योहारी खुशी लाने में मदद की।

# युट्यूबर और इंस्टा की भीड़ ने फिल्म बलीफुल वेलकम टू बस्तर के ओपन मीट में इनफ्लूंसर एवम इंस्टा ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया



**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर।** फ़िल्म बालिफूल वेलकम टू बस्तर इसका निर्माण सौम्या वेंचर के बैनर तले किया गया हैं कार्यक्रम मे विशेष तौर पर सी जी नरेश और उनके टीम डीएनए कि विशेष उपस्थिती, प्रीती सी जी ब्लॉग , एस के गजपाल, तड़ फड छत्तीसगढ़, सी जी लाइव, आर के ब्लॉग करण साहू प्रोडक्शन, सी जी राहुल ब्लॉग, ब्लॉगर प्रीति साहू , सी जी आनंद, सी जी सुनील, और भी लोगो के अलावा विशेष रूप से फ़िल्म के निर्माता अजय अग्रवाल, ने यूट्यूबर लोगो का शॉल फूलमाला रोज देकर सम्मान किये, इनके आलावा ओमप्रकाश जैन, संतोष मिरि, मिर्जा मक़सूद बेग, दिलीप सोनी, अरविन्द चन्दन, मोनिका जैन फ़िल्म के कलाकार गोविन्द विश्वकर्मा, सुन्दर साहू, दुर्गेश वर्मा, विनोद नेताम, संतोष थापा, मनोज राजपूत, कुशग्र सोलंकी, जय प्रकश पाण्डेय,मेहर खान, सावित्री काहर, लक्ष्मी नाग, प्रमिला रात्रे, पुनीत पाण्डेय, संजय गर्ग विनोद राव, इनके आलावा सांस्कृतिक प्रस्तुति केशव बाग नटराज डांस अकेडॉमी, और गुंजन साहू, और वेदीका साहू कि अनुपम प्रस्तुति दी गई, घर द्वार फ़िल्म के निर्माता विजय पाण्डेय जी के सुपुत्र जय प्रकाश पाण्डेय का विशेष आभार साथ ही कार्यक्रम स्थल होटल रॉयल प्लेस एवं हमारे फ़िल्म कि टीम संगीत – प्रदीप साठिया, सुक्कू बारिक, गीतकार सुक्कू बारिक, चंदन दीप, कोरियोग्राफर दीलिप बैस, चंदन दीप, करण निहाल गायक/गायिका सुनील सोनी, समीर, मोनिका वर्मा, चंम्पा निषाद, कंचन जोशी, पष्णू बादव, राजेन्द्र साहू, गंगा साहू

कलाकार भुनेश साहू, अंजली ठाकुर, गोविंद विश्वकर्मा, हेमा शुक्ला भीखराय साहू, रवि शर्मा, मेहर खान, लीना ठाकुर, जय प्रकाश साहू, पेन्धर मनोज राजपुत, शैलेन्द्र वर्मा, निलेश देवांगन, विनोद नेताम, किरण वर्मा, हेमा मानिकपुरी घनश्याम वर्मा, राजेन्द्र साहू, महेश वर्मा, गंगा साहू, नंव ध्रुव, सोनू धर्मेन्द्र सोनी, संतोष बापा, भानूमति कोसरे, वर्षा साारची सोनिया सायतोडे, लीना ठाकुर, पिंकी साहू, भीम जायसवाल, राजू कौशिक, सन्नी शर्मा, देवकुमार, राजेश, नंन्दू दुर्गेश वर्मा, सुन्दरलाल साहू, कुशाना सोलंकी, डॉ. संजय तेलंग, एजाज वारसी, पियूष साहू, योगेश साहू, सुधीर आजाद तम्बोली, विक्की सिंह ठाकुर, अरुण यादव पोस्ट प्रोड़?क्सन हरिओम फिल्मस् सयपूर फाइटर मास्टर विक्की सिंह राजपूत मेकअप मेन बलदेव संधू, संजय टंडन, मुसद स्वान ड्रेस मेन मनोज मानिकपूरी, मिस्थर साहू प्रोड्क्सन मेनेजमेंटः प्रकाश घुस, मंगासम साहू सहायक डायरेक्टर अदित्य पटेल, ज्वाला सूत्रे वैग्राउण्ड म्युजिक – प्रदीप साठिया, श्याम सारथी, लाईटमैन शैलेन्द्र वर्मा, मिथलेश साहू, कमल साहू, मोहन साहू, नोहर साहू, निरज साहू कहानी संवाद निलेश देवांगन डॉस ग्रुप मनोज राजपुत, एसएम.डॉस ग्रुप माना रिकॉर्डिंग मास्टिंग पुस्वराज सोनकर कैमरामेन डॉ पुनीत सोनकर, मुकेश वर्मा। जय, संपादन डॉ पुनीत सोनकर, जय सिदीकी, डीआई लामेन्द टंडन पियूश साहू पोस्टर डिजाईन मोडल ग्राफिक्स, प्रचार प्रसार योगेश साहू, निलेश मनवीर, स्टील राजेश सोनकर स्पॉट सहयोगी मुकेश अंवानी, सहुल, शानू, भुपेन्द्र, पंकज, धनराज।

# एसबीआई कार्ड ने सुपर–प्रीमियम को–ब्रांड क्रेडिट कार्ड 'क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड' लॉन्च किया




**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े प्योर – प्ले क्रेडिट कार्ड एसबीआई कार्ड ने सिंगापुर की राष्ट्रीय एयरलाइंस सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड (एसआईए) के साथ आज क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड लॉन्च किया। इस अनूठे यात्रा केंद्रित सह–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सुपर–प्रीमियम कार्डधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसका लाभ ग्राहकों को हवाईयात्रा और जमीन दोनों प्राप्त होगा। एसआईए के इस समूह में सिंगापुर एयरलाइंस, स्कूट एयरलाइन, क्रिसशॉप डॉट कॉम, क्रिस+ लाइफस्टाइल ऐप और पेलेगो शामिल हैं। नए लॉन्च किए गए क्रेडिट कार्ड दो रूपों में उपलब्ध है – क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड और क्रिसफ्लायर कार्ड एपेक्स।

इस साझेदारी के साथ, क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड के ग्राहक अपनी यात्रा खर्चों पर कई बड़े पुरस्कार और तमाम तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड पर 3,000 क्रिसफ्लायर माइल्स और क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड एपेक्स पर 10,000 क्रिसफ्लायर माइल्स के एक्सक्लूसिव वेलकम ऑफ़र के साथ इस कार्ड का उद्देश्य अपने चुनिंदा ग्राहकों को अद्वितीय सुविधा और लक्जरी प्रदान करना और उनकी यात्राओं को एक नए तरह का अनुभव देना है। कार्डधारक हर साल 80,000 या इससे ज़्यादा क्रिसफ्लायर माइल्स तक प्वाइट्स कमा सकते हैं। ग्राहक एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से एसबीआई कार्ड वेबसाइट (स्ड्ढद्ब ष्टड्डह्म्स्र.ष्श्चद्व) पर जाकर कार्ड के लिए डिजिटल रूप से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, और एसबीआई कार्ड रिटेल कियोस्क पर जाकर ऑफ़लाइन रजिस्ट्रेशन भी कर सकते हैं।

लॉन्च के अवसर पर, एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ श्री अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा: 卐आय में वृद्धि, प्रौद्योगिकी की तेजी से प्रगति और डिजिटलीकरण के साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के खर्चों में भी एक नया वर्ग उभर कर सामने आया है। हमें सुपर–प्रीमियम कार्डधारक सेगमेंट में बेहतरीन और शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए सिंगापुर एयरलाइंस के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है, जिसके कई लाभ हैं और इस उद्योग में एक नए पैमाने स्थापित करते हैं। हमारी साझेदारी का मकसद एसबीआई कार्ड के सुरक्षित और सरल भुगतान समाधानों और सिंगापुर एयरलाइन के शानदार नेटवर्क और विश्व स्तरीय उड़ान अनुभव को जोड़कर, ग्राहकों के यात्रा अनुभवों को एक नई दिशा के लिए उठाया एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर बोलते हुए, सिंगापुर एयरलाइंस के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट लॉयल्टी मार्केटिंग श्री ब्रायन कोह ने कहा: 卐क्रिसफ्लायर की यात्रा एक एयरलाइन लॉयल्टी प्रोग्राम से शुरू होकर एक ट्रेवेल और जीवन शैली – केंद्रित पुरस्कार कार्यक्रम में विकसित हुई है जो हमारे ग्राहकों के लिए पूरे विश्व में खास फायदों का पिटारा खोलता है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा में तेजी से बढोतरी हुई है, और एसबीआई कार्ड जैसे भरोसेमंद के व्यापक सहभागिता के साथ, यह विशेष को–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड, भारत में हमारे ग्राहकों को माइल्स और विशेषाधिकार अर्जित करने का एक नया अवसर देता है, जिनका लाभ सिर्फ हमारे साथ उड़ान भरने तक सीमित नहीं है। हम एसबीआई कार्ड के साथ सहयोग करके बहुत खुश और गर्व महसूस कर रहे हैं जो निश्चित रूप से एक बहुत ही सफल साझेदारी होने वाली है।

यह को–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को बेहतर माइलेज अर्जित करने के अवसर प्रदान करेगा। क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड का उपयोग करके सिंगापुर एयरलाइंस पर ?2.5 लाख और क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड एपेक्स का उपयोग करके सिंगापुर एयरलाइंस पर ?7.5 लाख के खर्च के साथ, ग्राहक क्रमशः क्रिसफ्लायर एलीट सिल्वर और क्रिसफ्लायर एलीट गोल्ड की सदस्यता में अपग्रेड होने का विशेष अधिकार प्राप्त करेंगे। अपग्रेड किए गए सब्सक्रिप्शन वाले ग्राहकों को अतिरिक्त सामान भत्ता, प्राथमिकता वाली चेक–इन और बोर्डिंग, एक्सक्लूसिव बोनस माइल्स, सीट चयन का विशेषाधिकार, लाउंज एक्सेस, यात्रा पर बढ़ा हुआ बीमा कवरेज और बहुत से लाभ मिलेंगे जिससे उनकी यात्रा सरल और अनोखे अनुभव वाली होगी। ग्राहकों द्वारा अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के, क्रिसफ्लायर माइल्स के रूप में मासिक रूप से उनके खाते में जमा किया जाएगा। कमाए गए माइल्स को सिंगापुर एयरलाइंस पर फ़्लाइट टिकट या अपग्रेड, स्कूट की फ़्लाइटों, क्रिसशॉप डॉट कॉम से खरीदे गए गिफ़्ट और पेलागो के ज़रिए दुनिया भर में यात्रा के अनुभवों की बुकिंग के लिए रिडीम किया जा सकता है।

क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड के लिए ज्वाइनिंग और वार्षिक नवीनीकरण शुल्क ?2,999 प्लस लागू टैक्स और ?9,999 प्लस लागू टैक्स क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड एपेक्स के लिए है। प्रत्येक क्रेडिट कार्ड को ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार प्रदान करने के लिए क्यूरेट किया जाता है और यह अमेरिकन एक्सप्रेस और मास्टरकार्ड भुगतान प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है। यह साझेदारी एसबीआई कार्ड के अपने कार्डधारकों के अनुभव को बढ़ाने के निरंतर प्रयास को उजागर करती है और प्रीमियम यात्रा लाभ और भुगतान में अच्छी सुविधा प्रदान करते हुए विश्वास और सुरक्षा को बढ़ावा देती है।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

# शहर में चौक चौराहों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं को विधायक रिकेश ने साफकर किया माल्यार्पण

### शकुंतला विद्यालय, गर्ल्स स्कूल, वैशाली नगर महाविद्यालय, पावर हाऊस, कैम्प क्षेत्र के अनेक आयोजनों में हुए शामिल



**भिलाई नगर ,प्रतिदिन राजधानी**
स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के तहत आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं को जल से नहलाकर कर आस–पास के लोगों को नियमित सफ़ाई करने का आह्वान किया। आज सुबह से श्री सेन ने विधानसभा की विभिन्न स्कूल और कॉलेज पहुंच कर स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में लोगों को भागीदारी के लिए एकजुट किया और 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि स्वच्छता परंपरागत रूप से हमारे स्वभाव और संस्कार में रही है। विगत 17 सितम्बर से प्रारंभ 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता' की थीम पर साफ–सफ़ाई के बारे में लोगों को जागरूक करने और जन भागीदारी बढ़ाने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्कूली छात्र–छात्राओं, युवाओं, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के कार्यों से जोड़ने आज छत्तीसगढ़ के 1800 स्कूलों, 105 कॉलेजों तथा 45 आईटीआई व इंजीनियरिंग कॉलेजों में करीब पांच लाख लोगों को शपथ दिलाई जा रही है वहीं स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत 17 करोड़ से अधिक लोगों की सार्वजनिक भागीदारी के साथ 19.70 लाख से अधिक कार्यक्रम पूरे किए गए हैं। लगभग 6.5 लाख स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों का कायाकल्प किया गया है। सेन ने आज पावर हाऊस स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वैशाली नगर महाविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद और कैम्प–2 लिंक रोड जलेबी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को वाटर स्प्रिंकल से साफ कर उन पर माल्यार्पण किया। श्री सेन शकुंतला विद्यालय राम नगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर, शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर सहित अनेक स्थलों पर आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे और वहां सफ़ाई कर लोगों से इस अभियान में स्वतः जुड़ने का आह्वान किया। सभी कार्यक्रमों में विधायक रिकेश सेन ने स्वच्छता शपथ का सामूहिक वाचन कर लोगों को संकल्पित करवाया। जिस शपथ का आज वैशाली नगर विधानसभा के सभी कार्यक्रमों में वाचन कर हजारों विद्यार्थी, युवा व आम नागरिकों ने संकल्प लिया, वह इस प्रकार थी – महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था ।

# धान की अफरा–तफरी : मंगल राइस मिल 3 साल के लिए ब्लैकलिस्टेड

### एफआईआर भी दर्ज, अमानत राशि की होगी वसूली




**कोरिया,प्रतिदिन राजधानी**
कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी गठित कर चितमारपारा पटना स्थित मेसर्स मंगल राईस मिल परिसर के प्रतिनिधि एवं मिल कर्मचारी की उपस्थिति में धान/चावल भंडारण का भौतिक सत्यापन किया गया था। इसमें मेसर्स मंगल राइस मिल में जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन में धान एवं चावल की कोई मात्रा (स्टॉक) नहीं पाया गया और न ही मिल संचालिका द्वारा भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में शासन द्वारा निर्धारित चावल की मात्रा जमा किया गया है। जांच के दौरान मिल प्रतिनिधि एवं कर्मचारी के द्वारा इस संबंध में समाधान कारक जवाब एवं सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मेसर्स मंगल राइस मिल के संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिला खाद्य अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, नवा रायपुर निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में भारतीय खाद्य निगम में औसत से कम चावल जमा करने वाले राइसमिलो का भौतिक सत्यापन हेतु गठित जिला स्तरीय जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर सस्थित किया गया। बता दें मेसर्स मंगल राइसमिल को पहले भी छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के उल्लंघन के कारण दो वर्ष की कालावधि के लिये काली सूची में दर्ज किया गया था। मेसर्स मंगल राइस मिल द्वारा समितियों से उठाए गए कुल धान की मात्रा 3 हजार 895 मैट्रिक टन, धान के विरूद्ध एफसीआई/नान जमा किये गये चावल की मात्रा 28.98 मैट्रिक टन, बारदाना 725 नग, शेष बचे धान की मात्रा 3852.17 मैट्रिक टन तथा जमा हेतु शेष चावल की मात्रा 2606.76 मैट्रिक टन था।उपरोक्तानुसार राइस मिल परिसर के प्रतिनिधि एवं मिल कर्मचारी की उपस्थिति में धान/चावल भंडार का भौतिक सत्यापन किया गया था, जिसमें मेसर्स मंगल राइस मिल में जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन में धान एवं चावल की कोई मात्रा (स्टॉक) नहीं पाया गया और न ही मिल संचालिका द्वारा भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में शासन द्वारा निर्धारित चावल की मात्रा जमा किया गया है।

## दुर्ग में फ्लाईओवर से नीचे गिरा ट्रक, चालक की मौत, दो गंभीर



**दुर्ग,प्रतिदिन राजधानी।** दुर्ग के धमधा नाका बाइपास पर दर्दनाक हादसे में एक की मौत हो गई, वहीं दो लोगों की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक, केरला पासिंग ट्रक फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिर गया। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं दो अन्य बुरी तरह घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। यह घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक सिन्हा ने किया पुरस्कृत



**महासमुंद।** महासमुंद जिला बैडमिंटन संघ, खेल एवं युवा कल्याण तथा राज्य बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में योनेक्स सनराइज 23 वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 सितंबर तक बैडमिंटन हॉल फॉरेस्ट विद्यालय महासमुंद में आयोजित किया गया। जिसका समापन समारोह 30 सितंबर को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग ने की। विशिष्ट अतिथि में पारस चोपड़ा, प्रलय थीटे, रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल से रविन्द्र तिवारी, शैलेंद्र चोपड़ा, सन्नी लुनिया, अमित चोपड़ा, जितेंद्र चंद्राकर, गिरधर यदु, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, जिला बैडमिंटन संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 13 जिलों के 98 बालक बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। विधायक सिन्हा ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को आशीर्वचन के रुप में कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, खिलाड़ी जब मैदान में उतरता है तो वो उसकी पहली जीत होती है हार या जीत मायने नहीं रखती है।

## भाजपा का सवाल : कांग्रेस के तीनों राज्यसभा सांसद न्याय पदयात्रा में शामिल क्यों नहीं हुए?

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कांग्रेस की न्याय पदयात्रा में कांग्रेस के प्रदेश से चुनकर भेजे गए तीनों राज्यसभा सांसदों की गैर–मौजूदगी पर कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। श्री अग्रवाल ने कहा कि एक ओर जहाँ कांग्रेस के नेता अपनी तथाकथित पदयात्रा के फ्लॉप होने से हताश होकर अब अपने प्रदेश प्रभारी और अभा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बुलाने के लिए मजबूर हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपने राज्यसभा सांसदों के गैर–हाजिर होने पर एक शब्द तक नहीं बोल पा रहे हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि उनकी न्याय पदयात्रा में आखिर कांग्रेस शासन में कांग्रेस से चुनकर भेजे गए तीनों राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन, राजीव शुक्ला और के.टी.एस. तुलसी शामिल क्यों नहीं हुए? क्या ये तीनों सांसद इसे न्याय यात्रा नहीं मानते? या, वे यह अच्छी तरह जानते हैं।

# सिंथेटिक ड्रग्स तस्करी का भांडाफोड़, सरगना दिल्ली से गिरफ्तार

### कई राज्यों में फैला नेटवर्क ध्वस्त, नशे के खिलाफरायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाइ



**रायपुर , प्रतिदिन राजधानी**
रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत एक बड़ी सफ्लता हासिल की है। पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग्स के एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए कई तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में हिमाचल प्रदेश से लेकर दिल्ली तक छापेमारी की गई, जिसमें नाइजीरिया के एक मुख्य तस्कर सहित कुल 7 आरोपी गिरफ्तार किए गए। इस ड्रग्स रैकेट का सरगना नाइजीरियन नागरिक मिस्टर इनोसेंट ओलोचुकु था, जिसे दिल्ली के उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में कुल 124 ग्राम एम.डी.एम.ए. (कोकीन), 98 एम.डी.एम.ए. टैबलेट्स, चरस, हथियार, मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस की सफ्लताएँ और गिरफ्तारियाँ रायपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) और टिकरापारा पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की। इस ऑपरेशन के तहत सबसे पहले 23 सितंबर 2024 को टिकरापारा इलाके में शुभम सोनी (उर्फ पैब्लो एस्कोबार), अभिषेक साहू और सोनू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से 98 नग एम.डी.एम.ए टैबलेट्स, 65 ग्राम एम.डी.एम.ए (कोकीन), चार पैकेट चरस और 16 लाख रुपए की नगदी बरामद की गई थी। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की, जिससे अन्य तस्करों की जानकारी सामने आई। 25 सितंबर 2024 को पुलिस ने रायपुर के मुख्य सप्लायर आर्यन ठाकरे को भी गिरफ्तार किया, जिसके बाद हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में छिपे तस्करों तक पहुंचने का रास्ता साफ हुआ। अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का खुलासा पूछताछ के दौरान, आर्यन ठाकरे ने बताया कि वह एम.डी.एम.ए और अन्य ड्रग्स हिमाचल प्रदेश के कसोल स्थित होटल एप्पल पाई के संचालक अमनदीप सिंह छाबड़ा से प्राप्त करता था। छाबड़ा ने यह भी खुलासा किया कि वह चरस की सप्लाई कसोल के अशोक यादव से करता था, जबकि एम.डी.एम.ए और कोकीन की सप्लाई दिल्ली के उत्तम नगर से नाइजीरियन मूल के तस्कर मिस्टर इनोसेंट ओलोचुकु द्वारा की जाती थी। इसके बाद रायपुर पुलिस की टीम ने हिमाचल प्रदेश के कसोल में छापेमारी की और 29 सितंबर 2024 को अमनदीप सिंह छाबड़ा और अशोक यादव को गिरफ्तार किया।

## दो ग्रामीणों की जान लेने वाले घायल भालू की मौत

### कानन पेंडारी जू में इलाज के दौरान दम तोड़ा

**बिलासपुर,प्रतिदिन राजधानी**



मरवाही वन मंडल में दो ग्रामीणों की जान लेने और पांच अन्य को घायल करने वाले भालू की कानन पेंडारी जू में उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार की रात गंभीर रूप से घायल इस भालू को जू में इलाज के लिए लाया गया था, जहां सोमवार रात को उसकी हालत बिगड़ गई और करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अनुसार, भालू की मौत उसके शरीर पर गहरे घावों की वजह से हुई, जो उसे ग्रामीणों द्वारा हमले के दौरान लगे थे। भालू पर चार स्थानों पर टांगी से हमले के निशान पाए गए थे, जो अत्यधिक घातक साबित हुए। जू के वन्य प्राणी चिकित्सक पीके चंदन ने भालू का इलाज किया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हो सका। रेस्क्यू के बाद उपचार के लिए लाया गया था जू मरवाही वन मंडल के अधिकारियों ने भालू की आक्रामकता के चलते रेस्क्यू अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने भालू को ट्रैंक्यूलाइजर गन से बेहोश किया और उपचार के लिए कानन पेंडारी जू भेजा। वहां रात 10:30 बजे उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी, लेकिन आधे घंटे के भीतर उसने दम तोड़ दिया।

# नवोदय विद्यालय में हुआ कला कार्यशाला का समापन




**नारायणपुर ,प्रतिदिन राजधानी**
पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर में 30 सितम्बर को कला कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न हुआ। विगत एक माह से चल रही इस कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग बद्रीश सुखदेवे और विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश कला मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी शांतनु सोनी की महनीय उपस्थिति रही। विद्यालय की छात्राओं द्वारा रोली अक्षत के द्वारा द्वार–स्वागत किया गया। मां सरस्वती और गणपति गणेश के पूजन वंदन और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनुपम शुक्ल ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र दे कर औपचारिक स्वागत किया। कला कार्यशाला के सह संयोजक किशन गबेल ने एक माह से चल रही कला कार्यशाला की गतिविधियों की सुस्पष्ट और संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात विद्यालय के कला प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने एक माह से प्राप्त प्रशिक्षण का कलात्मक प्रदर्शन किया। सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाले समूह गीत, देश राग में देशभक्ति का समूह गीत, पूर्वांचल में छठ पर्व पर गाये जाने वाले लोक गीत और अत्यंत लोकप्रिय भजन राम आयेंगे का प्रस्तुतिकरण करके दर्शक श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय संबोधन में बद्रीश सुखदेवे जी ने जीवन में कला और संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया।

# गोमती साय ने वरिष्ठजनों का सम्मान कर लिया उनका आशीर्वाद

**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**



अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज जशपुर जिला मुख्यालय के वशिष्ठ कम्युनिटी हाल में वरिष्ठजनों के सम्मान हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने वरिष्ठजनों को सम्मान स्वरूप शॉल व श्रीफ्ल भेंट किया और उनका आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठजनों के प्रति आदर भाव व्यक्त करते हुए कहा कि वृद्धजन घर की नींव होते हैं इनकी छाया में सारा घर फ्लता–फूलता और आगे बढ़ता है। उन्हें सम्मान देने और उनका आर्शिवाद से जीवन में सुख और शांति मिलती है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी मौजूद थे। कार्यक्रम में 500 से अधिक वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई गई। साय ने कहा कि शासन द्वारा संचालित आयुष्मान योजना और शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ हमारे बुजुर्गों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में घोषणा की है कि 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों का 5 लाख रूपए तक पूरी तरह से निःशुल्क इलाज किया जाएगा। राज्य सरकार रामलला दर्शन योजना भी संचालित कर रही है। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण, पुनर्वास एवं सम्मान की भावना तथा समाज में उनके प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री साय की पहल पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं बस पास पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठजनो के स्वास्थ्य जांच से लिए चिकित्सकीय परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वरिष्ठजनों को भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियन 2007 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि वरिष्ठजनों को अपने बच्चों से भरण–पोषण प्राप्त करना ना सिर्फ बच्चों का कर्तव्य है अपितु यह वरिष्ठ जनों का अधिकार भी है।

# सेना की ताकत और कौशल को देखने का सुनहरा मौका : बिग्रेडियर आनंद

### भारतीय सैनिकों के साथ दंतेवाड़ा के युवा घुड़सवारी में दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**



साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह के पूर्व आज पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बिग्रेडियर अमन आनंद (विशिष्ट सेवा मेडल) एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रेसवार्ता लेकर आयोजन की तैयारियों के बारे में जानकारी साझा की। बिग्रेडियर अमन आनंद ने कहा कि भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने को मिलेगा। युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने सशस्त्र सैन्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के कौशल एवं ताकत का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने एवं भारतीय सेना की शक्ति और क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक–सैन्य संबंध मजबूत के बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़ने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में बड़े–बड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। प्रमुख रूप से युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी। आनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और आयोजन को सफ्ल बनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की देश भक्ति जज्बा, शक्ति और क्षमताओं की ताकत सशस्त्र सैन्य समारोह में देखने को मिलेगा। भीष्म टैंक समेत अनेक उपकरणों का रोमांच देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दंतेवाड़ा के प्रतिभावान युवा घुड़सवारी के माध्यम से के कौशल दिखाई देंगे। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों के लिए साइंस कॉलेज मैदान तक पहुंचने के लिए अलग–अलग स्थानों से बस चलाए जाएंगे। अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में ऐसे आयोजन होने के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर कर्नल सुदीप बोस, सुमीत शर्मा, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे। दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह में शानदार प्रदर्शन और रोमांचकारी प्रदर्शनों की श्रृंखला देखी जाएगी। जिसमें विशेष बल कमांडो द्वारा स्लिदरिंग प्रदर्शन, बाइक शो और घुडसवारी प्रदर्शन शामिल है। टी–90 भीष्म टैंक, बीएमपी टू, पैदल सेना लड़ाकू वाहन, स्ट्रेला 10 एम सेना वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली, जेडयू 23 गन और आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन समेत आधुनिक हथियार और उपकरण भी सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक जनता के देखने के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा ग्रेनेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड और विशिष्ट गोरखा रेजिमेंट के सांस्कृतिक दल द्वारा खुखरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां भी होगी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वच्छता पखवाडा पर निकाली प्रभात फेरी


**बिलासपुर,प्रतिदिन राजधानी**




भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ–रेल स्वच्छ–भारत के तहत 1 से 15 अक्टूबर' तक स्वच्छता–पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है । जोनल मुख्यालय में प्रथम दिन आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक, सुश्री नीनु इटियेरा ने सभी विभागाध्यक्ष एवं रेलवे स्टाफ को स्वच्छता–पखवाडा की सामूहिक शपथ दिलाईं गई । इस शपथ समारोह में विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे । ज़ोनल मुख्यालय के साथ साथ तीनों रेल मंडलो में भी स्वच्छता पखवाडा की सामूहिक शपथ दिलाईं गई । 1 से 15 अक्टूबर,तक आयोजित स्वच्छता पखवाडा में रेल यात्रियों से एवं यात्रा के दौरान मेरी सीट मेरा डब्बा अभियान के अंतर्गत साफ्ख्सफ़ाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का विशेष आह्वान किया जाएगा । इस स्वच्छता पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । 1 अक्टूबर, को सामूहिक स्वच्छता शपथ और स्वच्छ जागरूकता, 2 अक्टूबर,को महात्मा गांधी जयंती का उत्सव और स्वच्छ भारत दिवस, 3 तथा 4 अक्टूबर, को स्वच्छ स्टेशन, 5 तथा 6 अक्टूबर को स्वच्छ रेल गाड़ी,7 अक्टूबर, को स्वच्छ पटरी, 8 अक्टूबरको स्वच्छ रेल परिसर (स्वच्छ कार्य स्थल एवं स्वच्छ आवासीय परिसर), 9 तथा 10 अक्टूबर,को स्वच्छ आहार, 11 अक्टूबर, को स्वच्छ नीर, 12 अक्टूबर, को स्वच्छ प्रसाधन एवं स्वच्छ पर्यावरण, 13 अक्टूबर को स्वच्छ स्पर्धा,14 अक्टूबर, को नो सिंगल यूज प्लास्टिक15 अक्टूबर, को समीक्षा एवं स्वच्छ जागरूकता रैली थीम पर कार्य किए जाएंगे । 1 अक्टूबर को स्वच्छता पखवाडा का शुभारंभ महाप्रबंधक कार्यालय से प्रातः 07.00 बजे प्रभात फेरी निकालकर किया गया । यह प्रभात फेरी महाप्रबंधक कार्यालय, डीआरएम ऑफिस से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक निकाली गयी । इस प्रभात फेरी में स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का संदेश देते हुए बिलासपुर रेलवे स्टेशन में समाप्त हुई । प्रभातफेरी में अपर महाप्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक, सहित सभी विभागाध्यक्ष, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण, सैकडों की संख्या में कर्मचारीगण, नागरिक सुरक्षा दल की टीमों ने भाग लिया ।

प्रतिदिन राजधानी
बुधवार 02, अक्टूबर 2024

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर अमित शाह का करारा प्रहार, कांग्रेसियों ने बार-बार किया है मोदी जी का अपमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर और हरियाणा में चुनावी समर अपने चरम पर है। ऐसे में, सभी राजनीतिक पार्टियाँ एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप का राजनीतिक खेल खेलने में लगी हुई है। लेकिन जम्मू–कश्मीर की एक जनसभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक विवादित बयान देते हुए कहा कि, 'मैं तब तक जीवित रहूंगा, जब तक पीएम मोदी सत्ता से हट नहीं जाते।' उनके इस बयान पर सियासी गलियारों में एक तरह से हलचल सी मच गई है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने खड़गे के इस बयान पर आपत्ति जताते हुए अपने एक्स पर लिखा कि, '29 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में अभद्र भाषा के इस्तेमाल में खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को भी पीछे छोड़ दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में बिल्कुल अरुचिकर और अपमानजनक बोलकर खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को मात दे दी। द्वेष का कड़वा प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने अनावश्यक रूप से पीएम मोदी को अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य मामलों में यह कहकर घसीटा कि वह पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे। इससे पता चलता है कि इन कांग्रेसियों के मन में पीएम मोदी से कितनी नफरत और डर है कि वे लगातार उन्हीं के बारे में सोच रहे हैं। जहाँ तक खड़गे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह लंबा, स्वस्थ जीवन जिएँ। वह कई वर्षों तक जीवित रहें और मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण देखने के लिए जीवित रहें। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी का अपमान किया हो। खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना कभी 'जहरीले साँप' 'झूठों के सरदार' तो कभी रावण के सिर से की। ऐसे तमाम बयान यह दर्शाते हैं कि सत्ता की लालची कांग्रेसियों के दिल में मोदी के प्रति सिर्फ जहर, नफरत और डर है। कुर्सी की चाहत ने गठबंधन पार्टी में सभी नैतिकता को नष्ट कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी जी के बारे में बयान देकर अपनी हताशा और डर दिखाया है। खड़गे कांग्रेस के एकमात्र नेता हैं जिन पर गुस्सा नहीं आना चाहिए, बल्कि उनके लिए दुःख और अफसोस जताना चाहिए। कांग्रेसी जोंक बनकर अपने एजेंडे से एक कमजोर बूढ़े व्यक्ति को प्रताड़ित कर रहे हैं। वो कहावत है न है कि, 'नालायक बेटा अपने बुजुर्ग बाप से उसकी आखिरी साँस तक तेल निकलवाता है। कांग्रेस की घटिया राजनीति के शिकार हो चुके ये वही खड़गे हैं जिन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो आतंकवाद बढ़ेगा।' देश की 140 करोड़ जनता का विश्वास जीत कर और दुनिया भर में भारत की एक नई पहचान बनाकर जो व्यक्ति हर स्तर पर अपनी सेवा और कार्य से खुद को साबित करके इस स्तर पर पहुँचता है, उसे कोई भी हटा नहीं सकता। अमृतकाल में देश ही नहीं बल्कि दुनिया ने भी माना है कि मोदी और अमित शाह जैसा न कोई था, न है और न कोई होगा।

## दिल्ली में गड़बड़ी फैलाने का इनपुट, 6 दिनों तक धारा 163 लागू



**दिल्ली,एजेंसी।** कई जगहों पर अगले 6 दिन के लिए क्व्हस् की धारा 163 लागू कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के नोटिस के मुताबिक, नई दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली, नॉर्थ दिल्ली के अलावा दिल्ली के सभी बॉर्डर्स पर 6 दिनों के लिए धारा 163 लागू रहेगी। 30 सितंबर से 5 अक्टूबर के दौरान इ जगहों पर धरना प्रदर्शन पर पाबंदी रहेगी और किसी तरह के हथियार लेकर आने पर भी पाबंदी रहेगी। आइए जानते हैं पूरा मामला। दिल्ली पुलिस ने नोटिस में बताया है कि कई संगठनों ने अक्टूबर 2024 के पहले सप्ताह में दिल्ली क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया है। वक्फ संशोधन विधेयक (प्रस्तावित), शाही ईदगाह का मुद्दा, एमसीडी स्थायी समिति चुनाव जैसे मुद्दों के कारण दिल्ली में सामान्य माहौल कानून और व्यवस्था के दृष्टिकोण से संवेदनशील है। इसके साथ ही छ्रस् के नतीजों की घोषणा भी लंबित है। ऐसे में दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने दिए क्षेत्र में धारा 163 लागू करने के आदेश दिए हैं। नोटिस में कहा गया है कि 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के कारण नई दिल्ली और सेंट्रल जिले में वीवीआईपी व्यक्तियों की भारी आवाजाही होगी। साथ ही जम्मू–कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। इस कारण दिल्ली की सीमाओं से लोगों और वाहनों की आवाजाही पर निरंतर जांच करने की भी जरुरत है। इन चुनावों के कारण राष्ट्रीय राजधानी में पब्लिक ऑर्डर में गड़बड़ी फैलाने का मकसद रखने वाले असामाजिक तत्वों के इशारे पर घुसपैठ और उकसावे के कारण राज्यों के प्रवासियों द्वारा बसाए गए क्षेत्र विशेष रूप से असुरक्षित हो सकते हैं। इसके साथ ही त्योहारों का सीजन भी नजदीक है दशहरा और दीपावली भी आने वाली है। दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा ने आदेश में कहा है कि दिल्ली की सीमाओं पर क्षेत्रीय अधिकार वाले सभी पुलिस स्टेशनों के अलावा नई दिल्ली, उत्तरी और मध्य जिलों में 30/09/2024 से 05/10/2024 तक धारा 163 लागू रहेगी। इस दौरान इन गतिविधियों पर पांबदी रहेगी।

## धरती पर सभी झूठे मरे होंगे तब राहुल का जन्म हुआ होगा', क्यों भड़क गए शिवराज सिंह चौहान?



**नई दिल्ली।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग में बहुत कम समय बाकी रह गया है। भाजपा, कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने भी बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला और उन्हें बहुत बड़ा झूठा करार दिया। आइए जानते हैं कि शिवराज ने और क्या कुछ कहा है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में एक सार्वजनिक सभा में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी मोदी–विरोध में इतने पागल हो गए हैं कि झूठ बोलते रहते हैं। राहुल गांधी का जन्म तब हुआ होगा जब धरती पर सारे झूठ बोलने वाले हैं मर गए होंगे। शिवराज यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इन बातों पर शर्म भी नहीं आती है।

ऋक्र जवान ने अपनी ही राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

अमेठी से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। मानसिक तनाव से परेशान एक सीआरपीएफ जवान ने अपने रूम के अंदर आत्महत्या कर ली। दरअसल जवान ने अपनी ही राइफल से खुद को गोली मारकर अपनी जिंदगी को समाप्त कर दिया। अभी मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है मगर उससे पहले मृतक के साथियों ने अस्पताल में हंगामा किया।। आइए आपको विस्तार से इस खबर की जानकारी देते हैं।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी

**अमेठी।** त्रिशुंडी में स्थित सीआरपीएफ कैंप में सुशील कुमाल शील नाम का एक जवान तैनात था। जवान ने अचानक मंगलवार यानी 1 अक्टूबर 2024 की शाम को अपनी राइफल से खुद को गोली मार ली जिस कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ने अपनी राइफल को अपने गले के नीचे वाले हिस्से पर लगाया और इसके बाद उसने गोली चला दी। गोली उसके गले से होते हुए ऊपर की तरफ जाकर उसके सिर के ऊपर से निकल गई। गोली की आवाज को सुनने के तुरंत बाद उसके साथी मौके पर पहुंचे और जवान को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे मगर वहां तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वाडी बंदर, मुंबई का निरीक्षण: यात्री सुरक्षा और नवाचार पर ध्यान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज मुंबई के वाड़ी बंदर कोचिंग डिपो का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिपो के बुनियादी ढांचे, तकनीकी प्रगति और भविष्य के विस्तार योजनाओं की समीक्षा की। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यात्री सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा विश्वसनीयता को बढ़ाना था। निरीक्षण के मुख्य बिंदु: 1. ट्रेन सुरक्षा और रखरखाव पर ध्यान केंद्रित: माननीय मंत्री ने रु।क्क (लिंके हॉफमैन बुश) कोचों में किए गए सुधारों का निरीक्षण किया, जिसमें ञक्क रिंग्स का उपयोग किया गया है जिससे स्प्रिंग फेल्योर की समस्या कम हो सके और यात्रा आराम और सुरक्षा में वृद्धि हो। 2. स्वच्छता और यात्री आराम में नवाचार: वैष्णव ने वेस्ट से बेस्ट प्रदर्शनी में प्रदर्शित इन–हाउस डिज़ाइन किए गए कूड़ा संग्राहक की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों की सुविधाओं, जैसे शौचालयों की स्वच्छता का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस की 14–मिनट चमत्कार सफाई प्रक्रिया में उपयोग होने वाले डायसन वैक्यूम क्लीनर जैसी उन्नत सफाई उपकरणों का उपयोग स्वयं करके दिखाया, जिससे यात्री आराम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। 3. सुरक्षा और दक्षता के लिए उन्नत तकनीक: निरीक्षण में अल्ट्रासोनिक एयर लीकेज डिटेक्शन सिस्टम जैसी उन्नत तकनीकों को दिखाया गया, जो एयर ब्रेक की अखंडता सुनिश्चित करती हैं, और स्नङ्कक्क (फ्लशिंग इंडिकेटर और ब्रेक एप्लिकेशन) प्रणाली को भी प्रस्तुत किया गया जो समय पर रखरखाव को सुनिश्चित करती है। इन तकनीकों का उपयोग पहले से ही राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में हो रहा है। मंत्री को कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी (ङ्कक्र) के उपयोग और द्ध्रश्ञ्ज आधारित रियल–टाइम जल स्तर निगरानी प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई, जो यात्रियों के लिए स्वच्छ जल की अबाधित आपूर्ति सुनिश्चित करती है।

## बिहार समेत कई राज्यों में भारी बारिश का चेतावनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में भारी बारिश से जहां एक ओर लोगों को बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है वहीं, पूर्वी यूपी में बारिश का दौर दो दिन से थम गया है। जिससे लोगों को राहत मिली है। उधर, पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 5–6 दिनों में पूर्वोत्तर इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। जहां पर मूसलाधार बारिश हो सकती है उनमें असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा शामिल हैं। इन राज्यों में होगी हल्की से मध्यम बारिश मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी भारी बारिश देखने को मिल सकती है। उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। केरल, तटीय कर्नाटक और लक्षद्वीप जैसे दक्षिणी राज्यों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जबकि तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश होगी। गुजरात में भारी बारिश की संभावना गुजरात में पिछले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश हुई है। अहमदाबाद समेत कुछ जिलों में आगामी सप्ताह 2 से 4 अक्टूबर तक भारी बारिश होने की भी संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष पूरी तरह स्वस्थ




**नई दिल्ली,एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी महंत नृत्य गोपाल दास के निधन की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जोकि पूरी तरह झूठी है। महंत नृत्य गोपाल दास के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने वीडियो जारी करते हुए इसे अफ्वाह बताया है। शरद शर्मा ने बताया की महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य में सुधार है। वह पिछले पांच दिनों से अपने निवास स्थान मणिराम दास छावनी अयोध्या में ही रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## चिकित्सा मंत्री ने की मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा



**जयपुर, एजेंसी।** , चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि विगत कुछ दिन से मौसमी बीमारियों के केस में वृद्धि को देखते हुए चिकित्सा विभाग हाई अलर्ट मोड पर रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी अधिकारी एवं कार्मिक कार्य स्थल पर उपस्थित रहते हुए रोगियों को तत्काल जांच एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध कराएं। मौसमी बीमारियों के प्रबंधन में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। खींवसर सोमवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार आगामी करीब एक माह मौसमी बीमारियों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है, इसे ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के माकूल इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में मौसमी बीमारियों के केस ज्यादा सामने आ रहे हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। अधिकारी इन जिलों में लगातार निगरानी रखते हुए सघन रोकथाम गतिविधियां संचालित करवाएं। एंटीलार्वल, सोर्स रिडक्शन एवं फॉगिंग सहित अन्य गतिविधियां नियमित रूप से हों। इसके लिए नगरीय निकाय सहित संबंधित विभागों के साथ समुचित समन्वय स्थापित किया जाए। चिकित्सा मंत्री ने अस्पतालों में जांच किट्स एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के केस ज्यादा हैं, वहां डेडीकेटेड ओपीडी संचालित करने के साथ ही रोगियों के लिए बेड की समुचित उपलब्धता रखी जाए। आवश्यकता अनुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। किसी रोगी को उपचार में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। श्री खींवसर ने जिलावार मौसमी बीमारियों के केसों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राज्य स्तर के साथ साथ संभाग एवं जिला स्तर पर नियमित मीटरिंग की जाए।

## इजरायल पर 7 अक्टूबर जैसे हमले की प्लानिंग में था हिजबुल्लाह



**येरूशलम,एजेंसी।** इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह की प्लानिंग को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) प्रवक्ता डेनियल हागारी का दावा है कि हिज़्बुल्लाह ने इजरायल पर 7 अक्टूबर को हमास के हमले की तर्ज पर उस पर धावा बोलने की प्लानिंग कर चुका था। हिजबुल्लाह इस दौरान इजरायल के गैलील पर कब्ज़ा करना चाहता था। साथ ही वह इजरायल में 7 अक्टूबर जैसा एक और नरसंहार करने के फिराक में था। आईडीएफ के इस खुलासे से हड़कंप मच गया है। आईडीएफप्रवक्ता ने खुलासा किया कि हिजबुल्लाह उसके गैलील को जीतने की प्लानिंग में था। रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हिजबुल्लाह पूरे उत्तरी इज़रायल में 7 अक्टूबर की तर्ज पर हमला करने की प्लानिंग में था। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह की ये योजनाएं तब विफल हो गईं, जब आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई की। हगारी ने कहा, हमास के हमले के अगले दिन हिजबुल्लाह ने 8 अक्टूबर को इज़रायल पर अकारण हमला किया। हिजबुल्लाह ने उस युद्ध में शामिल होने का फैसला किया, जिसे हमास ने 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़रायल में अपने क्रूर नरसंहार के साथ शुरू किया था। तब से अब तक हिजबुल्लाह ने इजरायल 9,500 से अधिक रॉकेट और मिसाइल हमला किया है। इज़रायली घरों, परिवारों और समुदायों पर रॉकेट हमले के कारण करीब 60,000 इज़रायलियों को अपना घर खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## सशक्त पंचायतें विकसित भारत का आधार बनेंगी : प्रो. एस. पी. सिंह बघेल



**दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में जन योजना अभियान 2024 - सबकी योजना सबका विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। पंचायती राज मंत्रालय ने 2 अक्टूबर, 2024 को राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ के लिए मंच तैयार करते हुए जन योजना अभियान 2024 - सबकी योजना सबका विकास पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ??ललन सिंह द्वारा पंचायत विकास की भागीदारी प्रक्रिया में पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) और हितधारकों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन पर एक वीडियो संदेश दिखाया गया। यह एक वार्षिक पहल है जो पंचायतों के समग्र विकास और सतत विकास लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करती है, जो 'सबकी योजना, सबका विकास' की सच्ची भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज, ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह, राजस्थान सरकार के इंदिरा गांधी पंचायती राज और ग्रामीण विकास संस्थान के महानिदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में जल जीवन मिशन के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक चंद्र भूषण कुमार, उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण भी उपस्थित थे। राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान को जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता की योजना बताया। प्रो. बघेल ने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे समग्र दृष्टिकोण के साथ ग्राम पंचायत विकास योजनाएँ बनाएँ, जिसमें पूरे गाँव को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा दिए जाने वाले अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और पंचायतों को अपनी विकास योजनाओं में इन निधियों का समुचित उपयोग करना चाहिए। प्रो. बघेल ने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को नौ प्रमुख फोकस क्षेत्रों में एकीकृत करके स्थानीयकृत किया है। यदि प्रत्येक पंचायत इन नौ क्षेत्रों से संबंधित गतिविधियों को अपनी ग्राम पंचायत विकास योजना में व्यवस्थित रूप से शामिल करती है,

## जिंदगी भर तुम्हारा खानदान यही करता रहा है', राहुल के 'नाच-गाना' वाले बयान पर बोले सीएम योगी



**चंडीगढ़, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक बयान पर निशाना साधा है। योगी ने अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के पवित्र भूमि पूजन समारोह के संदर्भ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'नाच–गाना' संबंधी बयान पर सोमवार को निशाना साधते हुए कहा कि राहुल का परिवार जीवन भर यही करता रहा है। बता दें कि राहुल गांधी ने हरियाणा में प्रचार के दौरान कहा था कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जहां नाच–गाना हो रहा था वहां किसी आम आदमी को नहीं बल्कि सिलेब्रिटीज और बिजनेसमेन को बुलाया गया था। आयोग के नए अध्यक्ष का ऐलान, दो उपाध्यक्ष और 16 सदस्य भी बनाए गए, देखें– लिस्ट

सीएम योगी ने कश्मीर में चुनावी रैली को किया संबोधित। 'न ढकने के लिए कफन होगा और न दफनाने के लिए दो गज जमीन', यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए हिसार और पंचकूला जिलों में रैलियों को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा कि इस साल अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही राम मंदिर के लिए 500 साल का लंबा इंतजार खत्म हो गया। उन्होंने कहा, 'अयोध्या में भव्य मंदिर बनते देखने के लिए हजारों हिंदुओं ने बलिदान दिया।

## सीआरपीएफ जवान ने अपनी ही राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या




**अमेठी,एजेंसी।** एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। मानसिक तनाव से परेशान एक सीआरपीएफजवान ने अपने रूम के अंदर आत्महत्या कर ली। दरअसल जवान ने अपनी ही राइफल से खुद को गोली मारकर अपनी जिंदगी को समाप्त कर दिया। अभी मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है मगर उससे पहले मृतक के साथियों ने अस्पताल में हंगामा किया।। आइए आपको विस्तार से इस खबर की जानकारी देते हैं। अमेठी के त्रिशुंडी में स्थित छ्ऋक्र कैंप में सुशील कुमाल शील नाम का एक जवान तैनात था। जवान ने अचानक मंगलवार यानी 1 अक्टूबर 2024 की शाम को अपनी राइफल से खुद को गोली मार ली जिस कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ने अपनी राइफल को अपने गले के नीचे वाले हिस्से पर लगाया और इसके बाद उसने गोली चला दी। गोली उसके गले से होते हुए ऊपर की तरफजाकर उसके सिर के ऊपर से निकल गई। गोली की आवाज को सुनने के तुरंत बाद उसके साथी मौके पर पहुंचे और जवान को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे मगर वहां तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सियानजनों की सेवा से मिलता है पुण्य और आशीर्वाद : सीएम साय

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सियानों का सम्मान



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज सूरजपुर जिला मुख्यालय में सियान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले के वृद्धजनों का शॉल, श्रीफ़ल से अभिनंदन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज वृद्धजनों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वृद्धजनों को प्रणाम करता हूँ और आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करें,उनके दु:ख दर्द को समझे और उन्हें अपने सेवाभाव से भरोसा दिलाए कि आप उनके साथ हैं। माता–पिता और वृद्धजनों की सेवा से आपको पुण्य और आशीर्वाद मिलेगा, खुशी मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आप अपने मुकाम तक पहुँच पाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है और योजनाओं का लाभ गरीब, मजदूरों, किसानों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 14 लाख से अधिक सियानो को छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके खाते में पेंशन की राशि दी जा रही है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही उनके उपचार के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बजट में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की है। इसी कड़ी में हमने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर बुजुर्गों की इच्छा होती है कि वह अपने जीवनकाल में एक बार तीर्थ यात्रा जाएं, उनकी भावनाओं और आस्था को ध्यान रखकर हमारी सरकार ने अयोध्या में रामलला के दर्शन की व्यवस्था की है। रेल, बस के माध्यम से अयोध्या जाने और आने के अलावा भोजन, ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# रथयात्रा के माध्यम से 5 लाख नए सदस्य बनायेगा भाजयुमो : रवि भगत



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कहा है कि संगठन महापर्व–सदस्यता अभियान के निमित्त प्रथम चरण में लगभग 2.50 लाख सदस्यता का लक्ष्य प्राप्त करने के बाद भाजयुमो द्वितीय चरण में रथयात्रा निकालकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करेगा। पूरे प्रदेश में 20 रथ के माध्यम से लगभग 5 लाख और नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री भगत ने रथ यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के बीच पूरे प्रदेश में रथयात्रा के माध्यम से विकासखण्डों में जाकर शैक्षणिक संस्था, छात्रावास, दुर्गा पण्डाल, हाट बाजार, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर युवाओं को नये सदस्य बनायेगा।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भगत ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में रथ यात्रा की विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि यह यात्रा प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों से प्रारंभ होगी। इस रथ यात्रा के निमित्त प्रत्येक रथ के साथ प्रदेश व जिला स्तर की 10 सदस्यों की टोली 8 दिनों तक सभी जगहों पर जाकर सदस्यता अभियान चलाएगी। इसी क्रम में सभी रथयात्राओं को स्थानीय भाजपा के सभी बडे नेता हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री भगत ने बताया कि प्रदेश के सभी पाँच संभागों में 20 यात्राएँ निकल रही है।

# वन मंत्री कश्यप से ओडिशा के मंत्री पात्रा ने की मुलाकात

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, जलसंसाधन, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से आज रायपुर स्थित उनके कार्यालय निवास में ओडिशा राज्य के खाद्य आपूर्तिकर्ता, उपभोक्ता कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्णा चन्द्र पात्रा ने मुलाकात की। मंत्री श्री कश्यप ने ओडिशा के मंत्री श्री पात्रा को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।



मंत्री श्री कश्यप ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनहित में संचालित छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की विस्तार से उन्हें जानकारी दी। श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वन एवं पर्यावरण को बेहतर बनाने के साथ ही सिंचाई एवं सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रयासरत् है।

मंत्री कृष्णा चन्द्र पात्रा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में खेती–किसानी को समृद्ध बनाने के लिए संचालित कृषक उन्नति योजना और महिलाओं की मदद के लिए संचालित महतारी वंदन योजना की प्रशंसा की। उन्होंने राज्य में जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा इससे विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय के इलाकों में हो रहे सकारात्मक बदलाव को सराहा।






# नूट्रिशिल्प संस्था , स्पोर्ट्ज़मिनीया और रायपुर रॉयल लेडीज सर्किल 197 & रायपुर रॉयल राउंड टेबल 317 द्वारा आयोजित किड्स कार्निवाल में Farm Fresco Brand और Divine Earth के द्वारा दिए जायेंगे Amazing Gift Hampers

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** Farm Fresco आपको स्वास्थ्य और पोषण से भरपूर उत्पादों का चयन प्रदान करता है, जिनमें विशेष रूप से स्वास्थ्यवर्धक बाजरे के उत्पाद शामिल हैं। हम शुद्ध, रसायन–मुक्त और प्राकृतिक खाद्य स्रोत विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर आधारित, Farm Fresco अपने सभी उत्पाद सीधे ईमानदार और समर्पित जैविक किसानों से प्राप्त करता है। Farm Fresco के साथ जुड़ें और बाजरे के अनाज के साथ–साथ अन्य स्वस्थ विकल्पों का आनंद लें, जो न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि आपकी सेहत का ख्याल भी रखते हैं।

Divine Earth एक स्वास्थ्य केंद्रित ब्रांड है, जो प्राकृतिक और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य उत्पाद प्रदान करता है। यह ब्रांड उच्च गुणवत्ता वाले बाजरे सहित विविध उत्पादों के माध्यम से संतुलित और स्थायी जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है। Divine Earth का उद्देश्य लोगों को प्राकृतिक आहार के साथ स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देना है, जो शरीर को संपूर्ण पोषण प्रदान करता है और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देता है।

इस प्रोग्राम को ज़्यादा दिन शेष नहीं बचे है । जिसमें Raheja Group, Janat Play Zone ,Hotel Kingsway Continental, और Shri Medishine Hospital Raipur द्वारा इस प्रोग्राम को विशेष सपोर्ट दिया जा रहा है , इसमें Decathlon, Venue Partner बना है। बच्चो के Drawing Competition के लिए Chapaak Brand के द्वारा Drawing Sheets वितरित की जाएगी , **दैनिक प्रतिदिन राजधानी** News Paper इस इवेंट से सम्बंधित जानकारिया Publish की जा रही है , जो की इस इवेंट में Media Partner बने है। Kids Care, Shriji Infra द्वारा बच्चो को Gift Hampers दिए जायेंगे। Srijan : Divine Earth भी इस इवेंट में गिफ्टिंग पार्टनर के रूप में जुड़ चुके है जिनके द्वारा बच्चो को Gifts दिए जायेंगे। जीतने वाले बच्चो को विशेष उपहारों से सम्मानित किया जायेगा। अगर आप भी इस कार्निवाल के लिए अपने बच्चों का Registration करवाना चाहते है या फिर




अपने बिज़नेस Stalls Display करना चाहते है तो नीचे दिए गए नंबर पर कॉल करें।

अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए 7581921000 या 9165281111, 917440665500 पर संपर्क करें।












स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444